



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 37 अंक 126 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 05 फरवरी 2026 डाक 06 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुरी के जगन्नाथ मंदिर की यात्रा के दौरान भीड़ को हाथ हिलाकर अभिवादन करती हुई।


**देश-विदेश**
बिहार की जेलों में लगेंगे 9000 कैमरे मोबाइल कॉल रोकने को लगेंगे विशेष टावर


**फीचर पेज**
क्या आपको है शॉपिंग की लत? इन 5 तरीकों से जल्द मिलेगा छुटकारा


# हिंसा और धमकियों के सिस्टमैटिक पैटर्न को रोकिए... सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर को लेकर बोला चुनाव आयोग

**कोलकाता, 05 फरवरी [एजेंसी]।**




पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से तुरंत दखल देने की मांग की है। आयोग ने कोर्ट से कहा है कि एसआईआर का काम कर रहे अधिकारियों के खिलाफ हिंसा और धमकियों के एक सिस्टमैटिक पैटर्न को रोका जा सके। आयोग ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के भाषणों से ऐसी स्थितियों को बढ़ावा मिला, जबकि पुलिस दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने में आनाकानी कर रही है। EC ने अपने हलफनामे में कहा, यह साफ तौर पर दिखाता है कि पश्चिम बंगाल में आने वाली चुनौतियां एसआईआर प्रक्रिया का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि ये राज्य मशीनरी की कमियों और वहां मौजूद राजनीतिक दखल के माहौल का सीधा नतीजा हैं। हलफनामे में कहा गया, यह विचित्र और चिंताजनक गड़बड़ी चुनावी प्रक्रिया की अखंडता की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट के तुरंत दखल की मांग करती है। CM ने लगातार कई ऐसे सार्वजनिक भाषण दिए हैं जो स्वाभाविक रूप से भड़काऊ हैं, जिससे चुनाव अधिकारियों के बीच डर का माहौल बन रहा है। EC ने दावा किया कि 14 जनवरी को CM ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान डर फैलाने की कोशिश की, एसआईआर प्रक्रिया के बारे में गुमराह करने वाली और गलत जानकारी फैलाई, खुले तौर पर चुनाव अधिकारियों को धमकी दी और निशाना बनाया और मतदाताओं के बीच डर पैदा करने की कोशिश की। चुनाव आयोग ने कहा, CM ने साफ तौर पर एक माइक्रो-ऑब्जर्वर हरि दास को निशाना बनाया।

इससे एक चुनावी अधिकारी को सार्वजनिक रूप से अलग-थलग कर दिया गया और उस पर बेवजह दबाव और धमकी दी गई। इससे चुनावी अधिकारियों की आजादी, निष्पक्षता और सुरक्षा गंभीर रूप से खतरे में पड़ गई। नतीजतन, मुर्शिदाबाद निर्वाचन क्षेत्र के नौ माइक्रो-ऑब्जर्वर ने मिलकर पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी को पत्र लिखकर बदमाशों की ओर से किए गए हिंसक हमलों और सुरक्षा के अपर्याप्त इंतजामों के कारण एसआईआर प्रक्रिया से औपचारिक रूप से अपना नाम वापस ले लिया।

## छत्तीसगढ़ में लाल आतंक पर प्रहार

# पुलिस और माओवादियों के बीच भीषण एनकाउंटर बीजापुर में नक्सली ढेर, ऑपरेशन जारी

**बीजापुर, 05 फरवरी [एजेंसी]।**





छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। एक पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टी की। जिले के दक्षिणी हिस्से के जंगल में सुबह 7.30 बजे यह फायरिंग शुरू हुई, जब सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम एंटी-नक्सल ऑपरेशन पर निकली थी। एक अधिकारी के अनुसार फायरिंग का सिलसिला अभी भी जारी है। अब तक मुठभेड़ स्थल से एक नक्सली का शव और एक एके-47 राइफल बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी ऑपरेशन समाप्त होने के बाद साझा की जाएगी।

इस कार्रवाई के साथ, इस साल अब तक राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में कम से कम 23 माओवादी मारे जा चुके हैं। इससे पहले, तीन जनवरी को बस्तर क्षेत्र में दो मुठभेड़ों में 14 माओवादी ढेर किए गए थे। बस्तर क्षेत्र में सात जिले आते हैं, जिनमें बीजापुर भी शामिल है। पिछले साल, छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ों में कुल 285 माओवादी मारे गए थे। केंद्र ने इस साल 31 मार्च तक देश से लेफ्ट-विंग एक्सट्रीमिज्म को समाप्त करने की समयसीमा निर्धारित की है।

# आतंकियों ने गुफा को बनाया ढाल, जवानों ने जिंदा जलाया

## सेना ने ऐसे दिया ऑपरेशन काया को अंजाम



**उधमपुर, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

घने जंगल, ऊंची पहाड़ियां और संकरी प्राकृतिक गुफा का सहारा लेकर आतंकी लंबे समय से सुरक्षाबल को चकमा दे रहे थे। बसंतगढ़ क्षेत्र के जंगलों में छिपे जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों ने इस बार भी एक गुफा को अपनी ढाल बनाया, लेकिन वही गुफा उनकी आखिरी पनाह और अंत में उनकी कब्र बन गई। सुरक्षाबल की कार्रवाई महज मुठभेड़ नहीं, बल्कि जवानों के बलिदान का लिया निर्णायक बदला थी। इस कार्रवाई सुरक्षाबल की आतंकियों के खिलाफ रणनीति और संकल्प और मजबूत हुआ। बसंतगढ़ के जंगलों में चलाया गया ऑपरेशन उसी संकल्प का परिणाम था, जिसमें हर कदम बेहद सोच-समझकर उठाया। गुफा में घिरे आतंकियों को यह अहसास दिला दिया गया कि जवानों की कुर्बानी व्यर्थ नहीं जाती। हर बार की तरह आतंकियों ने सुरक्षाबलों से खुलकर भिड़ने के बजाय छिपने और अंधेरा का फायदा उठाया। मुठभेड़ के बाद वह तेजी से गुफा के भीतर सिमट गए। संकरी मुहाने वाली गुफा उन्हें सुरक्षित ठिकाना लगी, जहां से वे फायरिंग करते हुए अंधेरे और ऊंचाई का फायदा उठा कर भाग निकलना चाहते थे। आतंकियों का यह भरोसा ज्यादा देर तक कायम नहीं रह सका।

सुरक्षाबल ने ड्रोन को आसमान में उतार दिया। ऊपर से मिलने वाली लाइव फीड ने गुफा के भीतर की हर हलचल को उजागर कर दिया। सुरक्षबल को देख पा रहे थे आतंकी कहां छिपे हैं और किस तरह गुफा के अंदर सिमटे हुए हैं। शाम ढलते ही आतंकियों ने रात साढ़े सात बजे अंधेरे का फायदा उठाकर गुफा से बाहर निकल कर भागने की कोशिश की। उनका अंदाजा था कि रात में सुरक्षाबल की निगरानी ढीली पड़ेगी और वह हर बार की तरह चकमा देकर भाग निकलेंगे। इस बार आतंकियों को किसी हाल में भागने न देने के इरादे से पूरी तरह मुस्तैद सुरक्षा बलों ने हलचल होने पर फायरिंग कर आतंकियों को दोबारा गुफा में घुसने पर मजबूर कर दिया। उनके भाग निकलने के मंसूबों पर पानी फेर दिया। सुरक्षा बलों ने जल्दबाजी नहीं दिखाई। पूरी रात गुफा को घेरे रखा गया। ड्रोन ऊपर मंडराता रहा और हर गतिविधि पर नजर रखी जाती रही। बीच-बीच में गोलीबारी होती रही। रात भर आतंकियों को गुफा में घेरे रखने के बाद बुधवार सुबह सुरक्षा बलों को सुबह होने पर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई। आतंकियों के पास कोई रास्ता नहीं बचा था। ऐसे में सुरक्षाबल ने निर्णायक और अंतिम कार्रवाई का फैसला किया। सुरक्षाबल ने नियंत्रित और सटीक कार्रवाई करते हुए विस्फोट के साथ गुफा को उड़ा दिया जिसे आतंकियों ने अपनी सबसे सुरक्षित पनाह समझा वह दोनों आतंकियों की कब्र में तबदील हो चुकी थी।

## हाईवे पर गैस टैंकर पलटने से घंटों तक लगा रहा जाम, फंसे उद्योगपति तो बुलाया हेलीकॉप्टर

**पुणे।** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर एक गैस टैंकर पलटने के बाद आम लोगों के साथ-साथ खास लोगों को भी परेशान कर दिया। पुणे के जाने-माने उद्योगपति सुधीर मेहता इस जाम में करीब आठ घंटे तक फंसे रहे। अंत में, वहां से निकलने और पुणे वापस लौटने के लिए उन्होंने हेलीकॉप्टर का सहार लिया। एक्सप्रेसवे पर एक टैंकर पलट गया था जिससे अत्यधिक ज्वलनशील गैस लीक होने लगी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने ट्रैफिक रोक दिया। इस वजह से यात्री 30 घंटे से भी ज्यादा समय तक सड़क पर फंसे रहे।

# उत्तर भारत के लोग टेबल साफ करने आते हैं..., तमिलनाडु के मंत्री का विवादित बयान



**नई दिल्ली 05 फरवरी।** तमिलनाडु के कृषि मंत्री एमआरके पन्नीरसेल्वम ने उत्तर भारतीयों को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि उत्तर के लोग सिर्फ हिंदी जानते हैं, इसलिए उन्हें अच्छी नौकरियां नहीं मिलतीं और वे तमिलनाडु आकर टेबल साफ करने, मजदूरी करने या पानी पूरी बेचने जैसे काम करते हैं। वहीं, तमिलनाडु की दो-भाषा नीति (तमिल और अंग्रेजी) की वजह से यहां के बच्चे अमेरिका, लंदन जैसी जगहों पर करोड़ों कमा रहे हैं। यह बयान दो-भाषा बनाम तीन-भाषा की पुरानी बहस को फिर से भड़का रहा है, खासकर जब विधानसभा चुनाव बस कुछ हफ्तों दूर हैं। मंत्री ने चेंगलपट्टू जिले में एक पार्टी कार्यक्रम में यह बात कही है। उन्होंने कहा, उत्तर के लोग यहां टेबल साफ करने आते हैं... वे कंस्ट्रक्शन मजदूर बनकर या पानी पूड़ी बेचकर काम करते हैं, क्योंकि उन्होंने सिर्फ हिंदी सीखी है। उन्होंने आगे कहा, लेकिन हमारे बच्चे दो-भाषा नीति की वजह से अंग्रेजी अच्छी तरह सीखते हैं और विदेश जाते हैं। वे अमेरिका, लंदन में करोड़ों कमाते हैं। बीजेपी ने इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी ने इसे अपमानजनक बताया और कहा कि डीएमके नेता बार-बार प्रवासी मजदूरों, खासकर उत्तर भारतीयों और हिंदी भाषियों को निशाना बना रहे हैं।

तमिलनाडु बीजेपी प्रमुख नैनार नागेंद्रन ने एक्स पर पोस्ट किया कि मंत्री ने उत्तर भारतीयों को टेबल क्लीनर और पानी पूरी सेलर कहकर मजाक उड़ाया। उन्होंने लिखा, आज के भारत में हर राज्य के लोग हर जगह काम करते हैं। कोई काम छोटा नहीं, कोई नागरिक हीन नहीं। बीजेपी ने डीएमके पर सामाजिक विभाजन फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि यह पार्टी उत्तर भारतीयों को निशाना बनाकर सत्ता हासिल करने की कोशिश कर रही है।

# ओडिशा में पटरी से उतरी चेन्नई-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस, धीमी रफ्तार ने बचाई यात्रियों की जान



**भुवनेश्वर।** चेन्नई-न्यू जलपाईगुड़ी-चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस के तीन डिब्बे जाजपुर रोड स्टेशन जखपुरा के पास पटरी से उतर गए हैं। लाइन का मरम्मत कार्य चल रहा था, जिससे ट्रेन की रफ्तार कम थी। ऐसे में इस हादसे में किसी भी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं मिली है। सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया है। राहत बचाव के लिए भद्रक से एक टीम को भेजा गया है। इस घटना के बाद कुछ ट्रेन सेवा बाधित हुई है। आज सुबह 8.50 बजे यह घटना घटी है। ट्रैक चेंज करने के दौरान एक एसी कोच एवं दो सामान्य डिब्बे पटरी से उतर गए। वर्तमान समय में तीनों डिब्बों को पुनः पटरी पर लाने का कार्य किया जा रहा है। मौके पर जाजपुर रोड रेलवे पुलिस स्थिति पर नजर रखे हुए है। पूर्वतट रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक रेलवे अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं और रेल सेवाएं बहाल करने के प्रयास जारी हैं।

# क्राइम ब्रांच की बड़ी सफलता, अपहृत दो नाबालिग को बरामद कर परिजनों से मिलाया

Crime Branch

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) ने त्वरित और समन्वित कार्रवाई करते हुए दो अपहृत नाबालिगों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों से मिला दिया है। दोनों बच्चे मुखर्जी नगर और वजीराबाद थाना क्षेत्र से लापता हुए थे। पुलिस की इस कार्रवाई की पीड़ित परिवारों और स्थानीय पुलिस ने सराहना की है। पहला मामला मुखर्जी नगर थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जहां 12 वर्षीय मानसिक रूप से अस्वस्थ बालक के लापता होने की रिपोर्ट 6 सितंबर 2025 को दर्ज की गई थी। इस संबंध में एफआईआर संख्या 52/16, धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, क्राइम ब्रांच को सौंपी गई। इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, एएसआई अजय कुमार झा की एक विशेष टीम ने एसीपी/एएचटीयू सुरेश कुमार की निगरानी में लगातार प्रयास किए। टीम ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, स्थानीय स्तर पर पूछताछ की, तकनीकी विश्लेषण किया, सोशल मीडिया पर बच्चे की जानकारी साझा की और परिजनों व रिश्तेदारों से पूछताछ की।

# अपनी पार्टी को अबोध बालक का बंधक मत बनाइए : जेपी नड्डा



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में आज कार्यवाही शुरू होने के बाद सदन के नेता जेपी नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के बीच तीखी बहस देखने को मिली। जेपी नड्डा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ना नाम लिए बगैर, उन्हें अबोध बालक कहा। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए जेपी नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से कहा, आप हमसे बहुत सीनियर हैं... एक बात मैं जरूर निवेदन करूंगा। अपनी पार्टी को अबोध बालक का बंधक मत बनने दीजिए। जेपी नड्डा ने कहा कि अबोध और अहंकार का मिक्सचर डेडली होता है। कांग्रेस को उस अबोध व्यक्ति से बाहर निकलना चाहिए। आपको पार्टी के अंदर भी इस बात को समझाना चाहिए कि लोकतांत्रिक तरीके से ही हमें काम करना है। जेपी नड्डा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हर समय और सभी विषयों पर चर्चा के लिए तैयार है। लोकसभा में पीएम मोदी जवाब देने के लिए तैयार बैठे रहे, लेकिन विपक्ष ने लोकसभा को चलने नहीं दिया। जहां तक राज्यसभा का सवाल है, विपक्ष ने कहा कि सरकार भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बयान दे। इसके बाद पीयूष गोयल ने बयान दिया। बयान पर कहा गया कि ट्रेड डील का ब्योरा साझा किया जाए। सरकार ने कहा विवरण तैयार होने के बाद आने वाले दिनों में सबको बता दिया जाएगा। इससे पहले संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष को सदन की कार्यवाही में बाधा नहीं डालना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने नहीं देना का आरोप गलत है। उन्होंने कहा कि निचले सदन में राहुल गांधी निर्धारित समय से 20 मिनट अधिक समय दिया गया, लेकिन उन्होंने बार-बार स्पीकर की रूलिंग को तोड़ा। स्पीकर के बार-बार मना करने के बाद वह वही बात बोलते रहे जिसकी अनुमति नहीं थी। इसके बाद विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी सत्ता पक्ष पर तीखा हमला किया। खरगे ने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा दोनों को मिलाकर संसद बनती है।

# भालुओं ने गांव में मचाया उत्पात घर से निकलने डर रहे ग्रामीण

**कवर्धा 05 फरवरी।** जिले में बीती रात एक खतरनाक स्थिति पैदा हो गई, जब जंगल से भटके तीन भालुओं का दल 17वीं बटालियन जैतपूरी और रामचुआ गांव के आसपास देखा गया। भालुओं के एक साथ घूमते दिखने से पूरे क्षेत्र में भय और सतर्कता का माहौल बन गया है।

भालुओं को रात के समय गांव से थोड़ी दूरी पर घूमते हुए देखा गया। यह पूरा इलाका भोरमदेव अभ्यारण्य से जुड़ा हुआ है, इसलिए वन्यजीवों की आवाजाही यहां सामान्य रहती है, लेकिन एक साथ तीन भालुओं का गांव के पास पहुंचना ग्रामीणों के लिए डर का कारण बन गया। ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग से संपर्क कर स्थिति की जानकारी दी।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# हम कोरियन लवर... आपकी मार से बढ़िया मौत लगेगी गाजियाबाद के ट्रिपल सुसाइड केस में नए खुलासे

**गाजियाबाद, 05 फरवरी [एजेंसी]।**



उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में साहिबाबाद की भारत सिटी सोसायटी में तीन नाबालिग बहनों ने बिल्डिंग की नौवीं मंजिल की खिड़की से कूदकर आत्महत्या कर ली। इस ट्रिपल सुसाइड केस में पुलिस को आठ पेजों का सुसाइड नोट भी मिला है। इस सुसाइड नोट में तीनों बहनों ने अपना दर्द बयां किया। बहनें लंबे समय से मोबाइल फोन पर कोरियन गेम और ड्रामा सीरियल देखकर कोरियन कल्चर के हिसाब से व्यवहार करने लगी थीं। इससे परेशान होकर 15 दिन पहले पिता ने मोबाइल फोन छीनकर बेच दिया तो तीनों मानसिक तनाव में आ गईं और मंगलवार रात करीब पौने दो बजे नौवीं मंजिल स्थित फ्लैट की बालकनी से कूदकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने आठ पेज का सुसाइड नोट भी छोड़ा है। सामूहिक आत्महत्या करने वाली तीनों बहनों का सुसाइड नोट कोरियन स्टार्स के प्रति दीवानगी की इंतहा और पारिवारिक परिस्थितियों को बयां कर रहा है। रहन-सहन से लेकर लाइफ स्टाइल, पहनावा और हेयर स्टाइल भी तीनों ने वैसा ही कर लिया था। उन्होंने अपने नाम मारिया, एलिजा व सिंडी रख लिए थे। तीनों अपनी तीन साल की छोटी बहन देव्यांशी उर्फ देवु को भी कोरियन लवर बनाना चाहती थीं। इस बात को लेकर उन्हें परिजनों से मार भी पड़ती थी। इससे तीनों नाराज रहती थीं। वहीं, घर पर अक्सर रहने वाली छोटी मासी टीना को वह मम्मी कहती थीं। बकायदा इस बात का उन्होंने सुसाइड नोट में जिक्र भी किया है। कोरियन सामग्री को देखकर वह कोरियन स्टार्स के प्रति भावनात्मक रूप से इतना समर्पित हो गई थी कि उन्हें ही अपना सब कुछ मान लिया था। वहीं, खासकर कोरियन स्टार के-पॉप के प्रति तीनों की इतनी दीवानगी थी कि कुछ भला-बुरा सुनना भी उन्हें रास नहीं आता था।

तीनों देवु को बहुत प्यार करती थीं। उन्होंने सुसाइड नोट में लिखा है कि वह देवु को कोरियन लवर बनाना चाहती हैं, लेकिन आप लोगों ने मौका नहीं दिया। आपने देवु को बॉलीवुड का बना दिया। उसे कार्टून किरदार अमायरा, अक्षिता और अनाया के बारे में बता दिया, लेकिन इनसे हम नफरत करते थे। वहीं, जब हम देवु को अपने के-पॉप और कोरियन रिश्तेदारों के बारे में बताते और कहते थे कि लीनो तुम्हारा भइया है तो तुम लीनो भइया और कुईना दीदी बोलना गलत बताते थे। तभी टीना मम्मी आ जाती थीं और कहती थीं कि उसे कोरियन के अलावा कुछ पढाई-लिखाई भी सिखा दिया करो, उसे भी अपनी तरह कोरियन बनाओगे। यह बात बुरी लगी तो हमने देवु को अपना दुश्मन मान लिया और उसे खुद से अलग कर दिया।

## किशोर को एनटीपी कोरबा की कमान

**कोरबा।** एनटीपीसी लिमिटेड ने किशोर चंद्र पात्र को एनटीपीसी कोरबा (2600 मेगावाट) का नया परियोजना प्रमुख नियुक्त किया है। उन्होंने 4 फरवरी 2026 से औपचारिक रूप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। पावर सेक्टर में साढ़े तीन दशकों से अधिक के अनुभव के साथ श्री पात्र को संचालन, अनुरक्षण और परियोजना प्रबंधन का गहन विशेषज्ञ माना जाता है।इस नियुक्ति से पहले किशोर चंद्र पात्र मुख्य महाप्रबंधक (संचालन एवं अनुरक्षण) के पद पर कार्यरत थे। इस दौरान उन्होंने संयंत्र की परिचालन विश्वसनीयता को मजबूत करने, सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने और अनुरक्षण कार्यों में उत्कृष्टता स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। एनटीपीसी में अपने लंबे और विशिष्ट कार्यकाल के दौरान उन्होंने संगठन की कई प्रमुख परियोजनाओं और संयुक्त उपक्रमों में नेतृत्वकारी जिम्मेदारियाँ संभाली हैं।



श्री पात्र ने फरक्का, तालचर कानीहा, एनबीपीपीएल (नोएडा), ईआर- मुख्यालय (भुवनेश्वर) तथा वल्लूर सहित एनटीपीसी की कई महत्वपूर्ण इकाइयों में सेवाएँ दी हैं। वे एनबीपीपीएल में परियोजना प्रमुख के रूप में भी सफलतापूर्वक कार्य कर चुके हैं। उनके नेतृत्व में संयंत्र प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार, परिचालन दक्षता में वृद्धि और मजबूत सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा मिला।यूसीई बुरला के पूर्व छात्र श्री पात्र ने वर्ष 1989 में एनटीपीसी में कार्यपालक प्रशिक्षु (यांत्रिक अभियांत्रिकी) के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। वे अपनी गहन तकनीकी समझ, जन-केंद्रित नेतृत्व शैली और एनटीपीसी के सुरक्षा, सततता एवं उत्कृष्टता जैसे मूल मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए व्यापक रूप से सम्मानित हैं।निरंतर सीखने के प्रबल समर्थक श्री पात्र ने पावर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (पीएमआई) सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों से व्यापक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उनके प्रशिक्षण क्षेत्रों में सुरक्षा नेतृत्व, उन्नत प्रबंधन, बॉयलर डिज़ाइन एवं अनुरक्षण, वित्तीय प्रबंधन, कॉर्पोरेट गवर्नेंस, सततता और तकनीकी कौशल विकास शामिल हैं।

एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख के रूप में किशोर चंद्र पात्र स्टेशन के संचालन एवं अनुरक्षण कार्यों का नेतृत्व करेंगे। उनके नेतृत्व में सुरक्षा, दक्षता, विश्वसनीयता, सतत विकास और सामुदायिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया जाएगा। उनसे यह अपेक्षा की जा रही है कि उनके मार्गदर्शन में एनटीपीसी कोरबा देश के प्रमुख विद्युत संयंत्रों में अपनी स्थिति को और मजबूत करेगा तथा राष्ट्रीय विद्युत आपूर्ति में अपना विश्वसनीय योगदान निरंतर देता रहेगा।

## वोटर लिस्ट विवादः यूथ मुस्लिम कमेटी ने कलेक्टर-एसपी को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान मुस्लिम मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के आरोपों को लेकर आज यूथ मुस्लिम कमेटी ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।
कमेटी ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा फर्जी आवेदन देकर नाम कटवाने का प्रयास किया गया।
ज्ञापन में इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया गया।
कमेटी ने पूरे मामले की निष्पक्ष व गहन जांच की मांग की।
दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग भी रखी गई।
कमेटी ने कहा कि ऐसी घटनाएं सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचा सकती हैं।
नाम कटे मतदाताओं को तत्काल मतदाता सूची में जोड़ने की मांग की गई।प्रशासन से पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने की अपील की गई।यूथ मुस्लिम कमेटी ने शांति व भाईचारा बनाए रखने की बात कही।प्रशासन की ओर से मामले पर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

## नराईबोध के ग्रामीणों को बसावट देने की प्रकिया शुरू

**कोरबा ।** जिले के एसईसीएल गेवरा प्रभावित ग्राम नराईबोध ग्राम को बसावट देने की प्रक्रिया अब धरातल नजर आने लगी है। आज गुरुवार की सुबह प्रशासन के आलाधिकारी, एसईसीएल गेवरा और कुसमुंडा प्रबंधन के अधिकारी,भारी पुलिस फॉर्स, सीआईएसएफ बल के जवान मौके पर पहुंचे। पीछे पीछे जेसीबी और बड़ी भारी मशीन डोजर भी मौके पर पहुंचे। सड़क किनारे नीचे उतरे और झाड़ियों को काटने का कार्य शुरू कर दिया गया है। आपको बता दें कोरबा कुसमुंडा मार्ग अंतर्गत 6 नंबर बेरियर से लगे खम्हरिया डंपिंग के आसपास की लगभग जमीन 10 हेक्टेयर जमीन पर नराईबोध को बसावट प्रस्तावित है। जिस पर आज से काम शुरू के दिया गया है। जरहाजेल के ग्रामीण इस जमीन पर अपना दावा कर रहे थे। फिलहाल यहां किसी तरह की कोई विवाद की स्थिति नहीं बनती दिखाई दे रही है और प्रबंधन प्रशासन के साथ मिलकर जमीन क्लियर कराने में जुटी हुई है। मौके पर कटघोरा एसडीएम, दर्री सीएसपी, तहसीलदार, कुसमुंडा, हरदीबाजार, थाना और सर्वमंगला चौकी प्रभारी, सी आई एस एफ भारी दल बल के साथ मौजूद है।

## डीएलसीसी व डीएलआरसी की बैठक 06 फरवरी को

**कोरबा।** मार्गदर्शी बैंक योजना अंतर्गत जिला स्तरीय सलाहकार समिति, जिला पुनरीक्षा समिति की बैठक कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में 06 फरवरी को शाम 05 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है।प्रबंधक मार्गदर्शी बैंक कोरबा ने बताया कि बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं हेतु वित्तीय वर्ष की उपलब्धि पर चर्चा, पीएमईजीपी और पीएमएफएमई योजना पर चर्चा, जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कोष, पीएम सूर्यघर योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा एवं पीएम स्वनिधि योजना पर भी चर्चा की जाएगी। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित प्रशिक्षण और पशुपालकों, मत्स्य पालकों एवं उद्यानिकी हेतु किसान क्रेडिट कार्ड पर भी चर्चा की जाएगी।

## एचआईव्ही/एड्स के साथ जी रहे लोगों की क्षमता एवं विकास हेतु कार्यशाला सम्पन्न

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी डॉ.रविकान्त सिह राठौर के नेतृत्व में एचआईव्ही/एड्स जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम अंतर्गत इंटेसीफाईड आईईसी कैम्पेन के तहत जिले में सघन प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत एचआईव्ही/एड्स एवं एक्ट 2017 विषय पर एचआईव्ही/एड्स के साथ जी रहे लोगों की क्षमता एवं विकास हेतु 01 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कोएआरटी सेंटर कोरबा में में आयोजित किया गया।

# डॉक्टर कंवर बोले, युवा भविष्य और वर्तमान की बड़ी शक्ति

## स्वामी आत्मानंद कॉलेज में विश्व कैंसर दिवस पर हुआ व्याख्यान

**कोरबा।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर आज स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, कोरबा के यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा युवाओं में बढ़ता कैंसर का प्रभावः समस्या एवं समाधान विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ.नगज्योति राठौर मेडिकल ऑफिसर, अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पथरीपारा उपस्थित हुई। विश्व कैंसर दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल.एन. कंवर ने कहा कि यह दिवस हमें याद दिलाता है किकैंसर लाइलाज नहीं है बल्कि लापरवाही लाइलाज है। उन्होंने आगे कहा की युवा केवल इस देश का भविष्य नहीं हैं,वह वर्तमान की सबसे बड़ी शक्ति भी हैं।यदि युवा जागरूक होंगे, तो कैंसर जैसी बीमारियाँ समाज में जड़ नहीं जमा पाएँगी। युवाओं में बढ़ता कैंसर का प्रभाव : समस्या एवं समाधान विषय पर आयोजित व्याख्यान में डॉ. नगज्योति राठौर ने कहा कि बदलती जीवन-शैली, खान-पान और तनाव के कारण युवाओं में कैंसर के मामले तेज़ी से बढ़ रहे हैं, जो समाज और राष्ट्र दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। युवाओं में मुँह और गले का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, ब्लड कैंसर और युवतियों में स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर सामान्य रूप से पाए जाते हैं। लेकिन कैंसर से डरना नहीं बल्कि जागरूक होना आवश्यक है। कैंसर की सबसे बड़ी समस्या यह है कि हम इसके शुरुआती संकेतों को अनदेखा कर देते हैं। समय पर पहचान न होने के कारण बीमारी गंभीर रूप ले लेती है। डॉ राठौर ने कैंसर से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन-शैली अपनाना, संतुलित आहार जैसे मोटे अनाज, फल सब्जियों का सेवन , नियमित व्यायाम करना, तंबाकू और शराब का कभी ना सेवन करना, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यानदेना ही इसके उपाय है। साथ ही नियमित स्वास्थ्य जाँच, वार्षिक मेडिकल चेक-अपआवश्यक टीकाकरण जैसे कैंसर से बचाव का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी की प्रभारी डॉ. डेज़ी कूजूर ने भारतीय रेड क्रॉस संस्थान का संक्षिप्त परिचय देते हुए इसकी गतिविधियों से छात्र छात्राओं को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा की कैंसर से जुड़े मिथकों को दूर करना और लोगों के मध्य सही जानकारी का प्रसार करने का दायित्व यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के स्वयंसेवकों का है जो कि समाज को कैंसर मुक्त बनाने के प्रति एक छोटा कदम होगा।



कार्यक्रम के अंत में रसायन विज्ञान की सहायक प्राध्यापक सुश्री पूजा सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। मंच का सफल संचालन बी.ए. चौथे सेमेस्टर की छात्रा यशस्वी कौशिक ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी सुश्री दिव्या पटेल सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, अतिथि व्याख्याता आशिया खान वाणिज्य, मधु यादव अर्थशास्त्र, शैलेश महेश्वरी वाणिज्य, नूपिता सेन यादव कंप्यूटर साइंस, पूनम साहू भौतिक, अतिथि ग्रंथपाल राजेश साहू कर्मचारी एस.के. निर्मलकर आर.पी. कौशिक, कमला मानिकपुरी गुलाब की सक्रिय सहभागिता रही।

## 35 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन हेतु अयोध्याधाम के लिए रवाना

### महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने पार्षदों की उपस्थिति में हरी झण्डी दिखाकर बस को किया रवाना

**कोरबा।** कोरबा नगर निगम महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने पार्षदगणों की उपस्थिति में आज श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत 35 तीर्थयात्रियों के दल को पवित्र अयोध्याधाम के लिए निगम कार्यालय साकेत भवन से रवाना किया। उन्होने तीर्थयात्री बस को हरी झण्डी दिखाई एवं तीर्थयात्रियों को तिलक लगाकर व पुष्पमाला पहनाकर उन्हें अपनी शुभकामना व बधाईयाँ दी। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, अजय गोंड़, ममता यादव, पार्षद रामकुमार साहू, युगल किशोर कैवर्त्य, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, प्रकाश अग्रवाल, अरविंद सिंह, शंकर साहू, संजय भास्कर, संतोष यादव, छन्नू सिंह आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना श्रीरामलला दर्शन योजना के अंतर्गत प्रदेश के नागरिकों को पवित्र अयोध्याधाम ले जाकर भगवान श्रीरामलला जी के दर्शन प्रतिमाह कराए जा रहे हैं, जिसका सम्पूर्ण व्यय शासन द्वारा वहन किया जाता है। इसी कड़ी में इस माह भी कोरबा से 35 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन हेतु अयोध्याधाम के लिए रवाना हुआ, यह दल बस के माध्यम से बिलासपुर के उस्लापुर रेलवे स्टेशन पहुंच विशेष ट्रेन द्वारा तीर्थयात्री अयोध्याधाम पहुंचकर श्रीरामलला जी के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में प्रातः 08 बजे महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने हरी झण्डी दिखाकर दल को रवाना किया। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि प्रभु श्रीरामलला के दर्शन हेतु जा रहे श्रद्धालुजनों को यात्रा पर रवाना करने का पवित्र अवसर आज प्राप्त हुआ है, उन्होने कामना करते हुए कहा कि ईश्वर उनकी यात्रा को मंगलमय करें तथा श्रद्धालुजन रामलला के चरणों का दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करें। इस अवसर पर तीर्थयात्रियों ने श्रीरामलला दर्शन योजना की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए राज्य सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

## पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, बिलासपुर में जनवरी-दिसंबर 2026 सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ

कोरबा । पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा सत्र जनवरी - दिसंबर 2026 हेतु विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विश्वविद्यालय द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सभी वर्गों तक पहुँचाने के उद्देश्य से इस सत्र में भी स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा तथा प्रमाणपत्र स्तर के कई पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

विश्वविद्यालय द्वारा अनुरोध किया गया है कि जो विद्यार्थी किसी कारणवश नियमित शिक्षा से वंचित रह जाते हैं अथवा अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाना चाहते हैं। वे संपूर्ण जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पीएसएसओयू पर प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इच्छुक अभ्यर्थी निकटतम अध्ययन केंद्र पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र, पुराना आरटीओ कार्यालय (वर्तमान में एनसीसी बटालियन परिसर) के समीप में संपर्क कर विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मो.नं.7067043721 से संपर्क किया जा सकता है।

## गोल्डन बुक रिकार्ड दिलाने वार्ड के नागरिकों के साथ अपनी सक्रिय सहभागिता देगें निगम के पार्षदगण

**कोरबा ।** कोरबा को गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड दिलाने के महासमर में नगर पालिक निगम कोरबा के पार्षदगण अपने वार्ड के नागरिकों के साथ मिलकर अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदान करेंगे। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने सभापति नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में पार्षदों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली, आयोजन पर विस्तार से चर्चा कर सबकी सक्रिय सहभागिता का आव्हान किया। उपस्थित पार्षदों ने करतल ध्वनि से आयोजन का स्वागत करते हुए इसमें अपनी पूरी सहभागिता देने एवं इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनकर कोरबा को सम्मान दिलाने की प्रतिबद्धता जाहिर की। उल्लेखनीय है कि महासंकल्प 2026 के बैनर तले नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा स्वच्छता शपथ पर हस्ताक्षर के पुराने रिकार्ड को तोड़कर नया रिकार्ड बनाने एवं गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड कोरबा के नाम हासिल करने हेतु 06 फरवरी को घंटाघर से रविशंकर शुक्ल नगर मुख्य मार्ग पर प्रातः 10 बजे से वृहद आयोजन रखा गया है, इस वृहद आयोजन में 10 हजार से अधिक हस्ताक्षर एक घंटे की समयसीमा में कराने का लक्ष्य है ताकि पुराने रिकार्ड को क्रेक कर एक नया रिकार्ड कायम किया जा सके। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने नगर निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में निगम के पार्षदों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली, आयोजन पर विस्तार से चर्चा की तथा सबकी सक्रिय सहभागिता का आव्हान किया। इस मौके पर उपस्थित पार्षदों ने आयोजन की सफलता हेतु अपने-अपने सुझाव भी रखें तथा आयोजन में सक्रिय सहभागिता व लक्ष्य को हासिल करने की अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। बैठक के दौरान सभापति नूतन सिंह ठाकुर के साथ ही वरिष्ठ पार्षद नरेन्द देवांगन, हितानंद अग्रवाल, फिरतराम साहू, मुकेश , रविसिंह चंदेल, अजय कुमार चन्द्रा, अजय गोंड़, ममता यादव, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

## तकनीकी नवाचार से कोरबा जिले ने रचा नया कीर्तिमान

**कोरबा।** कोरबा जिले ने कृषि विकास के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। बीज निगम द्वारा संचालित बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत रबी वर्ष 2025-26 में जिले ने न केवल अपने निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया, बल्कि उससे लगभग 150 प्रतिशत अधिक पंजीयन कर एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्थापित किया। यह उपलब्धि कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन तथा उप संचालक कृषि श्री डी.पी.एस. कंवर की सतत निगरानी में संभव हो सकी।

जिले के लिए निर्धारित 135 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध कुल 201.375 हेक्टेयर में बीज उत्पादन हेतु किसानों का पंजीयन किया गया। पिछले वर्षों की तुलना में किसानों की सहभागिता में आई यह भारी वृद्धि प्रभावी रणनीति, तकनीकी नवाचार और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का स्पष्ट संकेत है। बीज उत्पादन कार्यक्रम में यह प्रगति न केवल जिले की कृषि क्षमता को दर्शाती है, बल्कि किसानों के बीच बढ़ते विश्वास और जागरूकता को भी प्रमाणित करती है।इस कार्यक्रम के अंतर्गत पंजीकृत किसानों द्वारा उत्पादित बीजों का प्रमाणीकरण, भंडारण और वितरण निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाएगा, जिससे आगामी रबी सीजन में किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध हो सकेंगे। इससे कृषि उत्पादकता में बढ़ोतरी के साथ ही जिले की आत्मनिर्भरता भी सुदृढ़ होगी। तिलहन फसलों में उत्कृष्ट उपलब्धिइस वर्ष तिलहन फसलों पर विशेष ध्यान देने का परिणाम यह रहा कि निर्धारित 60 हेक्टेयर लक्ष्य के विरुद्ध 109.251 हेक्टेयर में तिलहन बीज उत्पादन हेतु पंजीयन हुआ। इसमें सरसों 44 हेक्टेयर, मूंगफली 59 हेक्टेयर तथा अलसी 6.5 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है। तिलहन बीज उत्पादन में यह वृद्धि किसानों की आय बढ़ाने, बेहतर उपज प्राप्त करने और बाहरी बीजों पर निर्भरता कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।दलहन फसलों पर भी सकारात्मक प्रभावबीज उत्पादन कार्यक्रम का सकारात्मक असर दलहन फसलों पर भी देखा गया है। तकनीकी परामर्श, वैज्ञानिक पद्धति और समय पर मार्गदर्शन ने किसानों को अधिक उपज तथा गुणवत्तायुक्त उत्पादन की ओर प्रेरित किया है।सामूहिक प्रयासों की मिसालखरीफ 2025 में भी पिछले पाँच वर्षों की तुलना में सर्वाधिक बीज उपार्जन किया गया, जो कृषकों की बढ़ती जागरूकता, बीज निगम लखनपुर तथा कृषि विभाग के समन्वित प्रयासों का प्रत्यक्ष परिणाम है। किसानों ने वैज्ञानिक तरीकों को अपनाया, समय पर तकनीकी सुझावों को लागू किया और विभागीय दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए इस सफलता को संभव बनाया।

## अदाणी फाउंडेशन की 'कम्युनिटी फर्स्ट' पहल से कोरबा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को मिली नई मजबूती

**कोरबा, ।** जिले के बारपाली तहसील में स्थित कोरबा पावर लिमिटेड (केपीएल) अपनी सामाजिक सरोकारों के तहत 'कम्युनिटी फर्स्ट' के विचार को साकार कर रहा है। केपीएल ने अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। इन प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में न केवल सुरक्षा और सुविधाएं बढ़ी हैं, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी नई मजबूती मिली है।
इसी परिपेक्ष्य में अदाणी फाउंडेशन द्वारा सोमवार को ग्राम पंचायत खोड्डुल व सरगबुंदिया के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में निर्मित किए गए बाउंड्री वॉल का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन, विद्यार्थी, अभिभावक, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को गांव की सुरक्षा, शिक्षा व्यवस्था और समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस बाउंड्री वॉल के निर्माण का उद्देश्य स्कूलों में असमय एवं असामाजिक तत्वों का विद्यालय परिसर को सुरक्षित करना, साथ ही खोड्डुल गांव के पंचायत भवन, दो आंगनवाड़ी केंद्र व सामुदायिक मंच, हाई मास्ट लाइट एवं ओवरहेड वाटर टैंक का संरक्षण करना है। इसी के साथ ही गांव में स्वच्छ पेयजल हेतु परिसर में ही आरओ जल संयंत्र लगाने का कार्य जारी है।



केपीएल के आसपास के गाँवों क्षेत्र में स्वच्छ स्कूल अभियान के तहत अदाणी फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत पताढ़ी के शासकीय विद्यालय दर्राभाठा में पुरुष एवं महिला शौचालयों का निर्माण किया गया जिसका उद्घाटन भी सोमवार को स्कूल शिक्षकों, विद्यार्थीयों, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों द्वारा किया गया। इस सुविधा से विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं, को स्वच्छता का लाभ मिलेगा तथा विद्यालयीन अधोसंरचना और ग्रामीण विकास को बल मिलेगा। जबकि दो अन्य स्कूलों में शौचालयों जिनमें ग्राम सरगबुंदिया तथा उरगा के स्कूल शामिल है,में निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।वहीं दूसरी ओर अदाणी फाउंडेशन ने शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से ग्राम कुदुरमल, उर्गा, अखरापाली, बारीडीह, कटबिटला, संडैल, बैसामुड़ा, सरायडीह इत्यादि सहित आसपास के गांवो के 46 शासकीय स्कूलों में 4100 अधिक विद्यार्थियों को स्कूल बैग, नोट बुक व जोमेट्री बॉक्स युक्त किट वितरित किया गया।
स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी अदाणी फाउंडेशन ने उल्लेखनीय कार्य किया है। अब तक छह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें ग्राम पंचायत कटबितला और बरिडीह, पहन्दा, पताड़ी इत्यादि सहित कुल 12 गांवों के लगभग 2,500 से अधिक ग्रामीणों को स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार सहित निःशुल्क दवाओं का लाभ भी मिला।
इन सभी कार्यक्रमों के दौरान गांव के अधिकारियों, स्थानीय नागरिकों, स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों ने अदाणी फाउंडेशन और केपीएल के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी संयंत्र और गांवों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।
अदाणी फाउंडेशन के इन प्रयासों से यह स्पष्ट है कि 'कम्युनिटी फर्स्ट' की भावना के साथ संस्था स्थानीय जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए कोरबा क्षेत्र के समग्र और सतत विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। जिसमें शिक्षा स्वास्थ्य और अधोसंरचना विकास में विशेष कार्य संचालित किए जा रहे हैं।

# पीएम किसान योजना की 22वीं किस्त के लिए ई-केवाईसी और फार्मर आईडी अनिवार्य

## उप संचालक कृषि ने की औपचारिकताएं पूर्ण करने की अपील

**कोरबा ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत आगामी 22वीं किस्त का लाभ प्राप्त करने के लिए जिले के किसानों को अब अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी, आधार सीडिंग और एग्रीस्टेक पोर्टल पर फार्मर आईडी निर्माण जैसे कार्य पूर्ण कराने होंगे। शासन द्वारा शीघ्र ही अगली किस्त जारी किया जाना प्रस्तावित है, लेकिन तकनीकी औपचारिकताएं अधूरी होने की स्थिति में पात्र किसान भी लाभ से वंचित हो सकते हैं। इसे देखते हुए उप संचालक कृषि, जिला कोरबा ने जिले के समस्त कृषक परिवारों से अपील की है कि वे समय रहते इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कर लें।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें पात्र किसान परिवारों को प्रति वर्ष 6000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। यह राशि चार माह के अंतराल में दो हजार रुपये की तीन किस्तों में सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती है। जिले में अब तक 89,178 किसानों का ई-केवाईसी, 87,036 का आधार सीडिंग और 85,867 किसानों का भूमि विवरण मैपिंग कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी किसान का बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है, मोबाइल नंबर अपडेट नहीं है या बैंक विवरण में त्रुटि है, तो उनकी किस्त रुक सकती है। विशेष रूप से अब एग्रीस्टेक पोर्टल के अंतर्गत 11 अंकों



की 'फार्मर आईडी' बनवाना भी जरूरी कर दिया गया है। किसान इसे एग्रीस्टेक पोर्टल पर ऑनलाइन स्वयं बना सकते हैं या कृषि विभाग द्वारा गांव-गांव में लगाए जा रहे कैंपों की मदद ले सकते हैं। ई-केवाईसी की प्रक्रिया को भी सरल बनाया गया है, जिसे किसान पीएम किसान पोर्टल पर ओटीपी के माध्यम से, सीएससी केंद्रों पर बायोमेट्रिक के जरिए या मोबाइल ऐप पर फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से पूरा कर सकते हैं।योजना के दिशा-निर्देशों के तहत कुछ श्रेणियों को अपात्र घोषित किया गया है। इसमें संवैधानिक पदों के वर्तमान व पूर्व धारक, मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर और जिला पंचायतों के अध्यक्ष शामिल हैं। इसके अलावा सरकारी कार्यालयों के नियमित कर्मचारी (मल्टी टास्किंग स्टाफ व चतुर्थ श्रेणी को छोड़कर), 10,000 रुपये से अधिक मासिक पेंशन पाने वाले सेवानिवृत्त कर्मी, आयकर दाता और पेशेवर डॉक्टर, इंजीनियर, वकील व चार्टर्ड अकाउंटेंट इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। विभाग ने आग्रह किया है कि सभी पात्र किसान अपनी मैपिंग और सीडिंग की स्थिति जांच लें ताकि 22वीं किस्त बिना किसी रुकावट के उनके खाते में पहुंच सके।

## आईटीआई कोरबा में पीएमएनएम का आयोजन 09 फरवरी को

**कोरबा ।** अप्रेटिसशिप योजनान्तर्गत प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएम) का आयोजन 09 फरवरी को आईटीआई कोरबा में किया जा रहा है।

आईटीआई कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योगों/प्रतिष्ठानों एवं आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षाणार्थियों का नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन एवं नियोजन किया जायेगा। अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योग/प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि एवं आईटीआई उत्तीण प्रशिक्षणार्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में 09 फरवरी को प्रातः 9 बजे उपस्थित होकर पंजीयन एवं नियोजन की कार्यवाही कर सकते हैं।

## रजत जयंती पर बिजली विभाग की योजनाएं बताईं

**रिगनी-खरौद।** आदर्श ग्राम पंचायत गोधना के मिलन चौक में स्थानीय विद्युत विभाग की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत महोत्सव मनाया गया।



कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घासीराम कश्यप, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत नवागढ़ और प्राधिकृत अधिकारी शिवरीनारायण थे। विशिष्ट अतिथियों में लोकेश शुक्ला (मंडल अध्यक्ष), अजय साहू (सरपंच गोधना), चंदराम साहू (प्राधिकृत अधिकारी गोधना), बसंत साहू (उपसरपंच गोधना), रमेश साहू (जनपद सभापति) सहित विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि घासीराम कश्यप ने कहा कि जैसे देश के सैनिक 24 घंटे सीमाओं की सुरक्षा करते हैं, उसी तरह बिजली विभाग के कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर लोगों को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराते हैं।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील से उद्योगों को नई गति वैश्विक मंच पर मजबूत होगा भारत: सुल्तानिया

**जांजगीर-चाम्पा।** जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता, जशपुर जिला संगठन प्रभारी एवं छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश महामंत्री अमर सुल्तानिया ने भारत-अमेरिका के बीच संपन्न ट्रेड डील पर केंद्र सरकार के बयान का स्वागत करते हुए इसे देश की आर्थिक प्रगति की दिशा में एक अहम उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारतीय उद्योगों, विशेषकर इंजीनियरिंग, कपड़ा और ज्वेलरी सेक्टर के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा।



अमर सुल्तानिया ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारत ने जिस संतुलित और दूरदर्शी नीति के साथ यह समझौता किया है, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की बढ़ती आर्थिक साख को दर्शाता है। इस डील से भारतीय उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी और निर्यात को नई गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग और कपड़ा उद्योग भारत के रोजगार सृजन का मजबूत आधार हैं, जबकि ज्वेलरी सेक्टर भारत की पारंपरिक कारीगरी और वैश्विक पहचान का प्रतीक है। इन क्षेत्रों को अमेरिकी बाजार में बेहतर अवसर मिलना न केवल बड़े उद्योगों बल्कि छोटे-मझोले उद्यमों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगा। इससे स्थानीय स्तर पर उत्पादन बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

अमर सुल्तानिया ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने भारत-अमेरिका की मित्रता और आपसी विश्वास को सम्मान दिया है। यह कदम दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाएगा।उन्होंने कहा कि यह ट्रेड डील केवल व्यापारिक समझौता नहीं, बल्कि भारत को आत्मनिर्भर और वैश्विक आर्थिक शक्ति बनाने की दिशा में एक ठोस पहल है। आने वाले समय में इसका सकारात्मक असर देश की अर्थव्यवस्था, उद्योग और रोजगार पर स्पष्ट रूप से देखने को मिलेगा।

# अभद्र भाषा का उपयोग करने पर घर में घुस कर युवक को काट डाला, नाबालिग गिरफ्तार

### मसनियाकला में हुई घटना का खुलासा

**सक्ती।** जिले के ग्राम मसनियाकला में गाली-गलौज की पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी और एक नाबालिग को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने मृतक पर कुल्हाड़ी से कई वार किए थे।

मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के अनुसार, 3 फरवरी 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती से सूचना मिली थी कि ग्राम मसनियाकला निवासी सम्मे लाल श्रीवास को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे उच्च उपचार के लिए रेफर किया गया।

लेकिन जांच के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिले मेमो के आधार पर सक्ती पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले



की गंभीरता को देखते हुए सक्ती थाना में अपराध क्रमांक 57/2026 धारा 103(1), 332(बी) भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक लखन लाल पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। साइबर यूनिट, डॉग स्क्वॉड और एफएसएल टीम की मदद से घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। गांव और आसपास के इलाकों में संदिग्धों की तलाश शुरू की गई। जांच के दौरान यह जानकारी सामने आई कि घटना की रात दो युवक मृतक के घर के आसपास देखे गए थे।

सघन तलाश और मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस को पता चला कि दोनों संदिग्ध मसनियाकला के पहाड़ी क्षेत्र में छिपे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया।

आरोपियों ने बताया कि 2 फरवरी को सम्मे लाल श्रीवास ने आरोपी मोहनीश कुमार कर्मवीर और उसके परिवार को गालियां दी थीं। इसी बात से नाराज होकर उसने गांव के एक नाबालिग के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई।

आरोपियों ने रात में घर में घुसकर टांगी से 6 से 7 वार कर सम्मे लाल श्रीवास की हत्या कर दी।

पुलिस ने आरोपियों के मेमोरण्डम के आधार पर घटना में प्रयुक्त लोहे की कुल्हाड़ी, खून से सना काला लोवर और नाबालिग के पास से उपयोग किया गया मोबाइल फोन जब्त किया है।

मुख्य आरोपी मोहनीश कुमार कर्मवीर (37) को 4 फरवरी 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। वहीं विधि से संघर्षरत बालक को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।



## किशोरी का अपहरण कर अनाचार, आरोपी दंडित

**जांजगीर।** नाबालिग का अपहरण कर अनाचार करने वाले आरोपी युवक को 20 साल सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।

जानकारी के अनुसार पीड़िता के पिता ने 18 अक्टूबर 2024 को अकलतरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग बेटी 15 अक्टूबर की शाम से घर नहीं लौटी। विवेचना में सामने आया कि अकलतरा बरगवां स्कूलपारा निवासी अभिनव ध्रुव (20) उसे शादी का प्रलोभन देकर बहला-फुसला कर चांपा में किराए के मकान में रखा और अनाचार किया। महिला पुलिस अधिकारी और बाल कल्याण समिति के सामने पीड़िता का बयान लिया गया। साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी (पाक्सो) रविन्दर कौर कोर्ट ने आरोपी को धारा 137(2) के तहत 5 साल सश्रम कारावास व 300 रुपए, धारा 96 में 10 साल सश्रम कारावास व 500 रुपए, पाक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 20 साल सश्रम कारावास व 1000 रुपए की सजा सुनाई।

## किसान आज व कल खरीदी केंद्रों में बेच पाएंगे धान

**जांजगीर।** धान खरीदी की अवधि 31 जनवरी को समाप्त होने के बाद जिले में कई किसान धान बेचने से वंचित रह गए थे। इसे लेकर किसानों में नाराजगी बढ़ी और कई समितियों में विरोध प्रदर्शन हुए। जांजगीर में एक किसान हाइटेंशन टावर पर चढ़ गया, जिससे काफी देर तक हंगामा हुआ। वहीं अकलतरा तहसील क्षेत्र में एक किसान ने धान नहीं बेच पाने और अन्य परेशानियों से तंग आकर कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। केरा और मिस्दा खरीदी केंद्रों में भी किसानों ने विरोध दर्ज कराया था।

किसानों की इन समस्याओं को देखते हुए सरकार ने राहत प्रदान करते हुए धान खरीदी के लिए दो दिन की अतिरिक्त अवधि दी है। अब किसान 5 और 6 फरवरी को धान बेच सकेंगे। इस अवधि में न तो नया टोकन जारी होगा और न ही नया पंजीयन किया जाएगा। निर्देशों के अनुसार निर्दिष्ट तीन श्रेणियों के किसान ही इस अवधि में धान बेच सकेंगे। संबंधित अधिकारियों को बारदाना की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने, हमालों की संख्या रखने और खरीदी को सुचारु व समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं।29 जनवरी तक जांजगीर-चांपा में 524 किसानों ने टोकन के लिए आवेदन किया था।

## जांजगीर-चांपा में बाइक टक्कर के बाद चाकूबाजी

**जांजगीर-चांपा।** जिले के अकलतरा थाना क्षेत्र में बाइक की टक्कर के बाद हुए विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला किया गया। इस घटना में ग्राम परसाही निवासी महेंद्र नायक घायल हो गए, जिनके कंधे और पसली में चोटें आई हैं। आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, महेंद्र नायक अपनी बाइक में पेट्रोल डलवाकर गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी टक्कर हो गई, जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए। टक्कर के बाद दूसरी बाइक का चालक उठा और अपना नाम राजा दास बताते हुए महेंद्र नायक से गाली-गलौज करने लगा।

## तहसीलदार और पटवारी को महंगी पड़ी 35 हजार की घूस

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने अतिरिक्त तहसीलदार और पटवारी को 35 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। महिला अधिकारी ने धान खरीदी केंद्र के प्रभारी से धान खरीदी केंद्र में गड़बड़ी की जांच को छिपाने के लिए 35 हजार रुपए की मांग की थी। बुधवार को एसीबी ने 35 हजार रुपए लेते पकड़ा है। मामला पामगढ़ तहसील का है।

एसीबी के अनुसार, चोरभट्टी धान खरीदी प्रभारी रहे वीरेंद्र कौशिक ने शिकायत की थी। उसने बताया कि धान खरीदी केंद्र के भौतिक सत्यापन और टोकन काटने के मामले में गड़बड़ी होने पर जांच को उच्च अधिकारयों तक नहीं देने के एवज में अतिरिक्त तहसीलदार करुणा आहेर और पटवारी आयुष ध्रुव दोनों ने रिश्वत की मांगी की थी।वीरेंद्र कौशिक ने इस मामले की शिकायत बिलासपुर स्थित एसीबी कार्यालय में की थी। शिकायत के आधार पर बुधवार को एसीबी ने एक जाल बिछाया। वीरेंद्र कौशिक को 35 हजार रुपए देकर भेजा गया। धान खरीदी केंद्र प्रभारी ने जैसे



एसीबी के चंगुल में फंसी करूणा आहेर इनसेट में एसबी की गाड़ी में बैठते हुए पटवारी आयुष

ही रिश्वत की रकम आरोपी अधिकारियों को दी एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते ही अतरिक्त तहसीलदार और पटवारी को पकड़ लिया।

गिरफ्तारी के बाद एसीबी दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पूछताछ पूरी होने के बाद उन्हें जिला न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## न्यायालय तहसीलदार डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)

रा.प्र.क...../अ-6अ/2025-26
ग्राम सिंघीतराई, तहसील डभरा

**// ईश्तहार//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सिंघीतराई तहसील डभरा में मेसर्स अथेना छत्तीसगढ़ पॉवर लिमिटेड द्वारा वर्ष 2008 से 2012 के मध्य क्रय की गई भूमियों ख.नं. 448/3, 503/6, 503/7, 509/3, 253/5, 243/3, 450/1ख, 397/5, 398/1 एवं 398/2 रकबा कमशः 0.27, 0.06, 0.06, 0.31, 0.15, 0.53, 0.25, 0.03, 0.12 एवं 0.06 एकड़ कुल ख.नं. 10 कुल रकबा 1.84 एकड़ भूमि को राजस्व रिकार्ड फार्म पी-2, खसरा पांचसाला में लिपिकिय/लेखन संबंधी त्रुटि सुधार कर क्रेता मेसर्स अथेना छत्तीसगढ़ पॉवर लिमिटेड के नाम से दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति होगी वे दिनांक 06/02/2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.)

## कार्यालय कलेक्टर जिला-कोरबा (छ.ग.) एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

-:: अधिसूचना ::-

क्र./1528/ भू-अर्जन/202103050500002 अ 82/2026 दिनांक 28.01.2026

चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि नीचे अनुसूची में वर्णित भूमि की घिनारा व्यपवर्तन योजना का दायी तट नहर एवं माइनर नहर निर्माण कार्य हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम, 2013 कहा जायेगा) की धारा 19 के तहत यह घोषित किया जाता है कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :-

भूमि का वर्णन :-
1. जिला : कोरबा
2. तहसील : करतला
3. ग्राम/नगर : सेन्द्रीपाली
4. भूमि का क्षेत्रफल : 1.922 हे.

अनुसूची

| ख.नं. | रकबा (हे. में) | ख.नं. | रकबा (हे. में) |
|---|---|---|---|
| 1099 | 0.010 | 1244 | 0.032 |
| 1100 | 0.022 | 1235 | 0.045 |
| 1103/2 | 0.020 | 1242/2, 1243/1 | 0.081 |
| 1102 | 0.036 | 1240 | 0.044 |
| 1205/1क | 0.012 | 1239 | 0.020 |
| 1223 | 0.061 | 1237 | 0.040 |
| 1228/1 | 0.032 | 1260 | 0.121 |
| 1207 | 0.0133 | 1264, 1265, 1266 | 0.061 |
| 1224/1 | 0.053 | 1293 | 0.121 |
| 1225/1 | 0.030 | 1261 | 0.032 |
| 1229 | 0.030 | 1262 | 0.032 |
| 1309 | 0.049 | 1263/2 | 0.036 |
| 1206 | 0.040 | 1263/3 | 0.036 |
| 1208 | 0.053 | 1268/1 | 0.061 |
| 1210/1 | 0.182 | 1268/2 | 0.045 |
| 1209/1 | 0.020 | 1268/3 | 0.045 |
| 1198 | 0.121 | 1277/1 | 0.045 |
| 1212 | 0.040 | 36 | 1.922 |
| 1213/1 | 0.081 | | |

2. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोरबा के कार्यालय में किया जा सकता है।
3. प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है।

(कुणाल दुदावत)
कलेक्टर
कोरबा एवं पदेन उप सचिव
छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी-252606451/2

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-10/PUBLICATION/454 Korba West, dtd. 29.01.2026
e-Bidding TENDER NOTICE No. 1389/2026.
Online tenders are invited from Experienced & Prospective Firms for the following Work/Supply:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100049170 | Deployment of One No. Vehicle Cat-SUV for LDCC System HTPS, Korba West. | 590/- | 10,578/- | 18.02.2026 |
| 2. | Rfx No. 8100049172 | Work for Assistance service in office Computer Work for Various Circle of O/o Addl. C.E. (T&SS), HTPS, Korba West. | 590/- | 9,581/- | 19.02.2026 |

NOTE - 1. Payment of Tender Cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website - https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. 2. Quantity as per tender schedule. 3. Any Extension/ Corrigendum / Amendments if required, shall be displayed on our websites only.
SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION
SUPERINTENDING ENGINEER (I)
O/o THE ADDL. CE (S&P) HTPS, CSPGCL, KORBA WEST
S- 46791/3

## न्यायालय तहसीलदार डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)

रा.प्र.क...... /अ-6अ/2025-26
ग्राम ओड़ेकेरा, तहसील डभरा

**// ईश्तहार//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम ओड़ेकेरा तहसील डभरा में मेसर्स अथेना छत्तीसगढ़ पॉवर लिमिटेड द्वारा वर्ष 2008 से 2012 के मध्य क्रय की गई भूमियों ख.नं. 95/1ड एवं 113/15 रकबा 0.25 एवं 0.27 एकड़ कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 0.52 एकड़ भूमि को राजस्व रिकार्ड फार्म पी-2, खसरा पांचसाला में लिपिकिय/लेखन संबंधी त्रुटि सुधार कर क्रेता मेसर्स अथेना छत्तीसगढ़ पॉवर लिमिटेड के नाम से दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति होगी वे दिनांक 06/02/2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.)

## न्यायालय तहसीलदार डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)

रा.प्र.क....../अ-6अ/2025-26
ग्राम निमोही, तहसील डभरा

**// ईश्तहार//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम निमोही तहसील डभरा में मेसर्स अथेना छत्तीसगढ़ पॉवर लिमिटेड द्वारा वर्ष 2008 से 2012 के मध्य क्रय की गई भूमियों ख.नं. 351/3 शा. (352/1 एवं 352/2), 450/1, 363/3, 363/4, 366/1 से एवं 369/1 रकबा कमशः 0.71, 1.88, 0.38, 0.75, 0.73 एवं 0.38 एकड़ कुल ख.नं. 06 कुल रकबा 4.83 एकड़ भूमि को राजस्व रिकार्ड फार्म पी-2, खसरा पांचसाला में लिपिकिय/लेखन संबंधी त्रुटि सुधार कर क्रेता मेसर्स अथेना छत्तीसगढ़ पॉवर लिमिटेड के नाम से दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति होगी वे दिनांक 06/02/2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.)

# पुटपुरा चौक में अजजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव का स्वागत

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह तथा प्रदेश महामंत्री विजय जगत का जांजगीर के पुटपुरा चौक आगमन पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की ओर से आत्मीय एवं गरिमामय स्वागत किया गया।

इस अवसर पर और जांजगीर चाम्पा जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता तथा जशपुर जिला संगठन प्रभारी अमर सुल्तानिया, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जांजगीर-चांपा के जिलाध्यक्ष लखन कंवर, पूर्व महामंत्री धरम सिदार, सहित संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मंच पर उपस्थित रहे। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों और जनजाति समाज के हित से जुड़े विषयों पर संवाद भी हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद करते हुए संगठन की मजबूती में जमीनी कार्यकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान और सहभागिता से ही संगठन की जड़ें और मजबूत होती हैं। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष सनत देवांगन, पूर्व पार्षद हितेश सिंह राज, गजानंद ध्रुव, सनत देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदा, दिलीप मरावी,महेन्द्र पाल सरपंच, दूजराम सरपंच कांसा राधेलाल मरकाम, संतोष चौहान, मोहन श्रीवास, देवेंद्र सिंह, समीर सिंह, लक्की सिंह, राकेश सिंह, राजकमल सिंह, हेतराम, संतोष




कुमार, जगन्नाथ शुक्ला, मोतिसिंह कंवर, गजाधर श्रीवास, धनाराम कश्यप, मनमोहन श्रीवास, हरदेव टंडन, प्रशांत पाण्डेय, अंकित, बंटी राठौर, कमलेश राय, अहमद रजा, फ़िरदौस खान, इब्बू खान, छबि कश्यप महामंत्री युवा चंदराम बिंझवार, साहेबलाल, प्यारेलाल, अनवर खान, रामलाल बिंझवार, कन्हैया सूर्यवंशी, जीवन बिंझवार सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ता एवं विभिन्न सामाजिक वर्गों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ी,

**जांजगीर।** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दिनों-दिन बिगड़ रही है। सड़कों पर रोज लगने वाला जाम आम लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है। सुबह और शाम के समय हालात और खराब हो जाते हैं, जब लोग दफ्तर, स्कूल और बाजार के लिए निकलते हैं। ऑटो, बाइक, कार और भारी वाहन बिना नियम के चलते हैं। कई जगह दुकानदारों ने सड़क पर अतिक्रमण कर लिया है, जिससे राहगीरों और वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है।

### GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER

E/M MINIMATA BANGO DIVISION MACHADOLI H.Q. KATGHORA (C.G.)

**CORRIGENDUM NO.2**

IN NIT No. : 05/SAC/2025-26, dated : 14.01.2026, System tender No. 183823 whose G-252606102 following amendments are made-

| S.No. | Previously | Amendments |
|---|---|---|
| 1 | Clauses 4.1.1 aja) Lift/Pressurized Water Conveyance & Civil Works Design, supply, installation testing and commissioning of rising mains, gravity distribution network consisting of MS/DL HDPE/PVC Pipes remote operated auto mated Zonal Management Louts Handling Flow & Pressure Control Arrangements Isolation Valves, Air Valves, Surge Protections Systems comprising of Bladder Vessel and Surge Suppression Valves, filtration systems, Outlet Management Systems with Remote Flow & Pressure Control Arrangements controlling up to 5 Ha and Irrigating Farmer Outlet up to 1 Ha with min. 20 m Pressure, capacity building and training for beneficiary farmers forming part of a Lift Irrigation Scheme covering a command area not less than 2,100 ha. | Clauses 411 aia) Lift/Pressurized Water Conenvanos & Civil Works Design supply installation, testing, and commissioning of sung mains, gravity/distribution network consisting of MS/DI/HDPE/PVC pipes, remote operated automated Zamal Management Units Hanilling Flow & Pressure Control Arrangements, Isolation Valves, Air Valves. Surge Protections Systems comprising of Blackler Vessel and Surge Suppression Valves, filtration systems. Outlet Management Systems with Remote Flow & Pressure Control Arrangements controlling up to 5 Ha and Irrigating Farmer Outlet up to 1 Ha with min. 20 m Pressure, capacity building and training for beneficiary farmers forming part of a Lift Irrigation Scheme covering a command area not less than 2,466 ha. |
| 2. | Clauses 4.1.1.a(b) Electro-Mechanical & Electrical Works: Design, supply, erection, testing, and commissioning of pumping machinery, motors, VFD/soft starters, MCC/PMCC panels, HT/LT switchgear, cabling, and earthing, forming part of a Lift Irrigation Scheme with a command area not less than 2,100 ha. | Clauses 4.1.1.a(b) Electro-Mechanical & Electrical Works Design, supply, erection, testing, and commissioning of -pumping machinery, motors, VFD/soft starters. MCC/PMCC panels, HT/LT switchgear, cabling, and earthing, forming part of a Lift Irrigation Scheme with a command area not less than 2,466 ha. |
| 3. | Clauses 4.1.1.a(c) Automation/SCADA Instrumentation: Design, supply, installation, testing, and commissioning of flow, level, and pressure instrumentation; PLC/RTU systems; telemetry/communication network; HMI/SCADA applications; control centre setup; and zonal management units, field integration and automation up to 5 Ha including trial run and performance demonstration as per the contract KPIs, for a Lift Irrigation Scheme of command area not less than 2,100 ha. | Clauses 4.1.1.a(c) Automation/SCADA - Instrumentation: Design, supply, installation, testing, and commissioning of flow, level, and pressure instrumentation; systems; PLC/RTU telemetry/communication network; HMI/SCADA applications; control centre setup; and zonal management units, field integration and automation up - to 5 Ha including trial run and performance =demonstration as per the contract KPIs, for a Lift Irrigation Scheme of command area not less than 2,466 ha. |
| 4. | Clauses 4.1.1.a(d) Operation and Maintenance: The contractor must have completed Operation and Maintenance (O&M) for a minimum continuous period of two (2) years, of the same Project covering pumping operations, automation/SCADA system upkeep, and irrigation delivery within the defined command area. | Clauses 4.1.1.a(d) Operation and Maintenance: The contractor must have completed Operation and Maintenance (O&M) for a minimum continuous period of One (1) years, of the same Project covering pumping operations, automation/SCADA system upkeep, and irrigation delivery within the defined command area. |
| 5. | Online tenders are invited up to 05.02.2026 17:30 Hour | Online tenders are invited up to 10.02.2026 17:30 Hour |
| 6. | Bid open date and time 06.02.2026 at 11:30 hours | Bid open date and time 11.02.2026 at 11:30 hours |

EXECUTIVE ENGINEER
E/M MINIMATA BANGO DIVISION MACHADOLI
H.Q. KATGHORA (C.G.)

G-252606459/8

## न्यायालय तहसीलदार बरपाली जिला-कोरबा (छ.ग.)

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. 202512050400004
अ-21/2025-26
ग्राम-जमनीपाली, प.ह.नं.13

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भागवत प्रसाद पटेल पिता रामेश्वर प्रसाद पटेल उम्र 56 वर्ष जाति मरार (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम सोहागपुर, जमनीपाली जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की ग्राम-जमनीपाली, प.ह.नं.-13, रा.नि.मं.-कोथारी, तहसील बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.) स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं.83/4 रकबा 0.340 हे. भूमि को प्रस्तावित क्रेता-श्री अमित कुमार अग्रवाल पिता रोशनलाल अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी मुरली भवन लालुराम कॉलोनी कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) के पास छ.ग. भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा-165 (6-क) के तहत् वादभूमि को विक्रय करने की अनुमति बाबत् आवेदन पत्र कलेक्टर महो. के समक्ष पेश किये जाने पर जांच प्रतिवेदन हेतु अ.वि.अ.(रा.) कोरबा के माध्यम से इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 18.02.2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार
बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

## गंदे पानी का निस्तार नहीं, लोगों ने कॉलेज रोड पर किया चक्काजाम

**अकलतरा।** वार्ड नंबर 14 खिसोरा रोड में नाली का गंदा पानी नहीं बहने और गली में पानी जमा होने से बुधवार की शाम 4.30 बजे वार्डवासियों ने कॉलेज रोड स्थित पुलिस थाना के पास चक्काजाम और धरना प्रदर्शन किया। लोगों ने नाली के गंदे पानी के निस्तार की तत्काल मांग की।



सूचना पर नायब तहसीलदार राजीव सिंह, थाना प्रभारी भास्कर शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष खुलन सोनवानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा, पार्षद मुरलीधर मिश्रा, राज सिंह और एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अंकित सिंह सिसोदिया मौके पर पहुंचे।वार्ड 14 के पार्षद अभिषेक बंजारे ने बताया कि दो दिनों से ग्राम पंचायत खिसोरा द्वारा नाली में मिट्टी डाले जाने से गंदा पानी नाली से बह नहीं पा रहा है। गली में पानी भरने से लोगों को आवाजाही में दिक्कतें हो रही हैं। वार्ड निवासी सविता बाई ने कहा कि नाली का पानी जमा होने से बदबू और शाम के समय मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। नगर पालिका द्वारा समस्या का समाधान न किए जाने से वार्डवासियों ने विरोध शुरू किया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने ग्राम पंचायत खिसोरा के सरपंच, उपसरपंच और ग्रामीणों से चर्चा की।

## अनमोल वचन......

किसी विचार को स्वीकार किए बिना उसे मन में धारण कर पाना ही शिक्षित मस्तिष्क की निशानी है।

# रणनीतिक शक्ति अभाव का शिकार

आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा चुनौतियों के बरक्स राज्य को अलग ढंग से संगठित एवं सक्षम बनना होगा। साथ ही कॉरपोरेट सेक्टर को बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी। परंतु ऐसा कैसे और कब होगा, असल मुद्दा यह है। साल 2025-26 के आर्थिक सर्वेक्षण में सरकार ने माना है कि भारतीय रुपया बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच रणनीतिक शक्ति के अभाव का शिकार बना है। 2025 में रुपये की तुलना में डॉलर छह प्रतिशत महंगा हुआ। ऐसा उस समय हुआ, जब खुद डॉलर का भाव प्रमुख मुद्राओं (यूरो, येन, स्विस फ्रैंक आदि) के बास्केट की तुलना में करीब 11 फीसदी गिरा। केंद्र के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन की देखरेख में तैयार सर्वे रिपोर्ट में कहा गया है कि सेवा क्षेत्र में व्यापार लाभ और विदेश स्थित भारतीयों की तरफ से कमा कर भेजी गई रकम रुपये को सहारा देने में नाकाफी साबित हुए हैं।

ये चालू खाता के घाटे की भरपाई नहीं कर पाए। जो देश ऐसे घाटे में हैं, उनकी मुद्राओं की कमजोरी खासकर भू-राजनीतिक बदलाव के दौर अधिक उभर कर सामने आई है। दूसरी तरफ जिन देशों ने मैनुफैक्चरिंग का मजबूत आधार तैयार किया, उनकी मुद्राएं स्थिर और मजबूत बनी हुई हैं। मगर इस बिंदु पर भारत की मौजूदा कमजोरी का ठोस जायजा पेश करने के बजाय रिपोर्ट अतीत की आड़ लेती मालूम पड़ी है। कहा है कि मैनुफैक्चरिंग में मजबूत देशों ने इसका आधार तब तैयार किया, जब परिस्थितियां अनुकूल थीं।

यह मुद्दा प्रासंगिक है कि उस दौर में भारत ऐसा आधार तैयार करने से क्यों चूक गया। मगर यह प्रश्न भी उतना ही उचित है कि क्या उसका रोना रोते रहना समाधान है? यह अच्छी बात है कि रिपोर्ट में सरकार की भूमिका पर जोर दिया गया है। कहा गया है कि मौजूदा सवालों का जवाब ढूंढने के लिए राज्य को अलग ढंग से संगठित एवं सक्षम बनना होगा। साथ ही कॉरपोरेट सेक्टर को उसमें बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी। परंतु ऐसा कैसे और कब होगा, असल मुद्दा यह है। जिन भू-राजनीतिक बदलावों की बात की गई है, वे अब ठोस शक्ल ले रही हैं। मगर ऐसा होने के संकेत कई वर्षों से मिल रहे थे। उस समय दूरदृष्टि दिखाई गई होती, तो वर्तमान चुनौतियों का बेहतर मुकाबला किया जा सकता था। दुर्भाग्यपूर्ण है कि नीति-निर्माण के सर्वोच्च स्तर अब भी उसका अभाव ही नजर आता है।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लेंगे। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी। आज आपको किसी मामलों में जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा।

**वृष राशि :** आपके लिए आज का दिन शुभ है। आज आप कामकाज निपटाने में बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत होगी, इससे आपको अच्छा समाधान मिलेगा। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लगेगा। आज अपनी वाणी में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है।

**मिथुन :** आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज भाई या बहन से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा लगेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाए आज ऑनलाईन नयी डिश सीखने की कोशिश करेंगी। पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा। लेखकों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, उनके लेखन कार्यो की सराहना होगी।

**कर्क राशि :** आज का दिन आपके लिए आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिल सकती है। आपकी सलाह से दूसरों को फायदा होगा। आज आपको नए इनकम सोर्स मिल सकते हैं।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले कुछ समय के लिए रुक सकते है, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आपको किसी दोस्त का सहयोग मिलेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को और खुशनुमा बनायेगा। आज आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह जरूर ले। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आज धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी समस्या खत्म होने के योग हैं। आप नए सिरे से कोशिश करेंगे तो आप सफल हो सकते हैं। आज दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर आप सेंसिटिव हो सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना बेहतर साबित होगा। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा। आज ऑफिस में नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे।

**धनु राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वे काम समय पर पूरा हो जायेंगे। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेंगे। नयें व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिये शिक्षकों की सहायता लेंगे, जो आगे चलकर बेहद काम आयेंगी।

**मकर राशि :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप अपने घर का डेकोरेशन फेस्टिवल के अनुसार करेंगे। आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए। किसी बात को लेकर ज्यादा जिद्द करने से बचना चाहिए। विद्यार्थियों को अपने पढ़ाई पर पूरा फोकस रखने की जरूरत है।

**कुंभ राशि :** आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। सभी आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिये नया खेल तलाश करेंगे। सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी। दोस्त शाम के लिए बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन खुशनुमा कर देंगे। आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है, आप अपने आप में काफी अच्छा महसूस करेंगे।

**मीन राशि :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बडों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्ते में नयापन आयेगा। सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। भाई-बहन के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बनायेंगे। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा। आज घर में धार्मिक कार्य आयोजित हो सकता, जिससे खुशी का माहौल बना रहेगा।

# सिलीगुड़ी कॉरिडोर में जमीन के नीचे रेल दौड़ाने की तैयारी, चिकन नेक को मिलने वाली धमकियां होंगी बेअसर

//नीरज कुमार दुबे//

**केंद्र सरकार ने अब सिलीगुड़ी गलियारे की सुरक्षा और मजबूती के लिए बड़ा कदम उठाया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि करीब चालीस कोस लंबे हिस्से में भूमिगत रेल पटरियां बिछाने की योजना बनाई गई है। पूर्वोत्तर को देश के बाकी हिस्से से जोड़ने वाला सिलीगुड़ी गलियारा एक बार फिर राष्ट्रीय चर्चा के केंद्र में है। यह धरती की वही पतली पट्टी है जिसे आम बोलचाल में चिकन नेक कहा जाता है। सबसे संकरे हिस्से में इसकी चौड़ाई करीब पच्चीस कोस से भी कम मानी जाती है। इसके एक ओर नेपाल, दूसरी ओर भूटान और पास ही बांग्लादेश की सीमा है। यही रास्ता पूर्वोत्तर के आठों राज्यों के लिए जीवन रेखा है। सेना की आवाजाही हो, अनाज और ईंधन की आपूर्ति हो या व्यापार, सब कुछ काफी हद तक इसी राह से गुजरता है।**



केंद्र सरकार ने अब इस गलियारे की सुरक्षा और मजबूती के लिए बड़ा कदम उठाया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि करीब चालीस कोस लंबे हिस्से में भूमिगत रेल पटरियां बिछाने की योजना बनाई गई है। तीन मील हाट से रंगापानी के बीच यह भूमिगत मार्ग बनेगा। साथ ही पूरे मार्ग को चार पटरियों वाला बनाने का प्रस्ताव भी वार्षिक लेखा योजना में रखा गया है ताकि यातायात की क्षमता कई गुना बढ़ सके।हम आपको बता दें कि हाल के समय में इस गलियारे को लेकर कई तरह की गीदड़ भभकियां सामने आईं थीं। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कुछ समूहों ने चिकन नेक को दबाने जैसी बातें कही थीं। कुछ बयान ऐसे भी आये जिनमें इस इलाके को ग्रेटर बांग्लादेश की कल्पना से जोड़ा गया। ढाका की चीन से बढ़ती नजदीकी ने भी चिंता बढ़ाई। वर्ष 2017 में डोकलाम टकराव के समय भी सैन्य योजनाकारों ने सिलीगुडी हिस्से की कमजोरी पर ध्यान दिलाया था। साफ था कि यदि यहां बाधा आई तो पूर्वोत्तर लगभग कट सकता है। इसी पृष्ठभूमि में भूमिगत रेल को संकट के समय भी संपर्क बनाए रखने की योजना के रूप में देखा जा रहा है। भूमिगत मार्ग पर सीधा प्रहार करना कठिन होगा। इससे सैनिक साजो सामान और आम जन जीवन की आपूर्ति निरंतर बनी रह सकती है।

यदि चिकन नेक जैसे संवेदनशील इलाके में भूमिगत रेल मार्ग बनता है तो यह कौशल, साहस और दूरदर्शिता का भी प्रदर्शन होगा। भारत पहले ही जम्मू-कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल का निर्माण कर अपनी प्रतिभा दिखा चुका है। पहाड़ चीरकर और पहाड़ों के ऊपर पुल खड़ा करने वाले यही हाथ जमीन के भीतर भी सुरक्षित मार्ग बना सकते हैं। वैसे भी कठिन भौगोलिक हालात को मात देना भारतीय इंजीनियरों की पहचान बन चुकी है, इसलिए चिकन नेक में भूमिगत रेल केवल सुरक्षा कदम नहीं, बल्कि देश की तकनीकी ताकत और आत्मविश्वास का प्रतीक भी होगी।

देखा जाये तो यह गलियारा केवल भौगोलिक पट्टी नहीं बल्कि राष्ट्रीय एकता की धुरी है। इसलिए इसकी सुरक्षा पर किसी तरह की ढिलाई नहीं हो सकती। भूमिगत रेल, चार पटरी विस्तार और कड़ी निगरानी को उसी दिशा में उठे कदम के रूप में देखा जा रहा है। सामरिक दृष्टि से देखें तो यह इलाका चार देशों के बीच घिरा है। सीमा पार से होने वाली हर हलचल यहां असर डालती है। चीन की क्षेत्रीय महत्वाकांक्षा, बांग्लादेश की अंदरूनी राजनीति, और खुले सीमा प्रबंध वाले इलाकों की जटिलता, सब मिलकर इस पट्टी को संवेदनशील बनाते हैं। ऐसे में भूमिगत रेल केवल ईंट पत्थर का काम नहीं, बल्कि संकट काल में जीवन रेखा को जिंदा रखने का उपाय है। युद्ध या बड़े तनाव की स्थिति में खुली पटरियां आसान निशाना बन सकती हैं, पर जमीन के भीतर चलने वाली रेल को रोकना कठिन होगा।इसका आर्थिक पक्ष भी कम अहम नहीं है। पूर्वोत्तर क्षेत्र प्राकृतिक संसाधन, जल शक्ति, कृषि उपज और सीमा पार व्यापार की अपार संभावना रखता है। यदि संपर्क मजबूत होगा तो उद्योग, पर्यटन और व्यापार को बल मिलेगा। चार पटरी मार्ग का अर्थ है तेज आवागमन, कम बाधा और ज्यादा माल ढुलाई। इससे लागत घटेगी और बाजार बढ़ेंगे, जो इलाका कभी दूर माना जाता था वह अवसर का द्वार बन सकता है।

# एक दशक में बनाई पूंजी पीके ने बिहार में गंवा दी

//अजीत द्विवेदी//

**सबसे पहले तो यह समझना होगा कि प्रशांत किशोर ने बिहार में क्या गंवाया है? वे मानें या नहीं मानें लेकिन एक कुशल चुनाव प्रबंधक के रूप में एक दशक में बनाई गई अपनी पूंजी उन्होंने बिहार में गंवा दी है। उनके दो सौ या चार सौ करोड़ रुपए खर्च हुए वह उनका बड़ा नुकसान नहीं है। उनकी पार्टी अपना पहला चुनाव बुरी तरह से हारी यह भी कोई बड़ी बात नहीं है। ऐसे तमाम उदाहरण हैं, जब पार्टियां पहले चुनाव में बहुत खराब करने के बाद धीरे धीरे मजबूत होती गईं और बहुत बड़ी बन गईं।**

बिहार में नीतीश कुमार की बनाई समता पार्टी, जिसे अब जनता दल यू के नाम से जाना जाता है या उत्तर प्रदेश में कांशीराम की बनाई बहुजन समाज पार्टी इसकी मिसाल हैं। दोनों पार्टियों की शुरुआत बहुत खराब हुई थी। लेकिन दोनों के नेताओं को पता था कि उनका आइडिया और आइडियोलॉजी दोनों सही हैं। इसलिए दोनों मैदान में डटे रहे और राजनीतिक व चुनावी दोनों सफलता हासिल की। इसलिए प्रशांत किशोर का पहला चुनाव हार जाना उनके राजनीतिक करियर का पूर्णविराम नहीं है।

उनके लिए असली चुनौती यह है कि राजनीतिक प्रबंधक के तौर पर जो पूंजी उन्होंने बिहार में गंवाई है उसे कैसे हासिल करेंगे। अगर वे फिर से अपनी उस पूंजी को, उस साख को वापस हासिल कर लेते हैं और बिहार में डटे रहते हैं तो निश्चित रूप से कामयाब होंगे। इसके लिए वे क्या करेंगे, यह उनको शायद ही कोई समझा सकता है। वे खुद समझदार हैं और राजनीति व चुनाव की बारीकियों को बखूबी जानते हैं। वे देश के राजनीतिक इतिहास से भी परिचित हैं। इसलिए उनको पता है कि बिहार में 1995 के विधानसभा चुनाव में बहुत खराब प्रदर्शन करने के बाद नीतीश कुमार ने कैसी राजनीति की थी।

उनको यह भी पता है कि 1984 में बसपा बनाने वाले कांशीराम ने 1989 के विधानसभा और लोकसभा चुनाव में बहुत खराब प्रदर्शन करने के बाद क्या किया था। 1995 में नीतीश कुमार की पार्टी को 324 में से सिर्फ पांच सीटें मिली थीं। इसी तरह 1989 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बसपा को 425 में सिर्फ 13 सीट मिली थी, जो अगले चुनाव यानी 1991 में घट कर 12 हो गई लेकिन उसके दो साल बाद 1993 के मध्यावधि चुनाव में सपा से तालमेल करके बसपा ने 67 सीटें जीतीं और उसी विधानसभा में 1995 में मायावती पहली बार 137 दिन के लिए मुख्यमंत्री बनीं।

सो, प्रशांत किशोर के लिए राजनीति का रास्ता साफ है। उनके सामने नीतीश कुमार और कांशीराम दोनों का मॉडल है। नीतीश कुमार की समता पार्टी ने 1995 की हार के बाद भाजपा के साथ तालमेल किया और लालू प्रसाद को सत्ता से हटाने के लिए राजनीति की, जिसमें निर्णायक कामयाबी 2005 के अक्टूबर में मिली। यानी पार्टी बनाने के 10 साल बाद। इसी तरह कांशीराम ने बहुजन की सत्ता स्थापित करने के लिए 1984 में बसपा बना कर राजनीति शुरू की तो 11 साल बाद 1995 के जून में मायावती को मुख्यमंत्री बनाने में कामयाब हुए। इसके लिए उनको समाजवादी पार्टी से तालमेल करना पड़ा। उनका सूत्र वाक्य था पहला चुनाव हारने के लिए, दूसरा चुनाव हराने के लिए और तीसरा जीतने के लिए। तीसरे चुनाव में उनको जीत मिली थी हालांकि वह निर्णायक नहीं थी। निर्णायक जीत मिली 2007 में जब बसपा ने अकेले दम पर उत्तर प्रदेश विधानसभा में बहुमत हासिल किया। सो, जाहिर है कि राजनीति में निरंतरता और समान या असमान विचार वाले दलों के साथ गठबंधन सबसे महत्वपूर्ण है। तभी प्रशांत किशोर के कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से मिलने की खबर को उनकी राजनीति के अगले कदम के तौर पर देखा जा सकता है। ध्यान रहे प्रशांत किशोर ने एक समय कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर देश की सबसे पुरानी पार्टी को उसका गौरव लौटाने की योजना पर काम करना चाहा था। उन्होंने लंबा चौड़ा प्रजेंटेशन कांग्रेस नेतृत्व के सामने रखा था। आधे अधूरे तरीके से कुछ प्रस्तावों को कांग्रेस ने आजमाया भी। लेकिन कांग्रेस नेतृत्व के असुरक्षा भाव और प्रशांत किशोर की अति महत्वाकांक्षा के कारण दोनों की बात नहीं बनी। अब फिर दोनों नजदीक आ रहे हैं तो नए किस्म के गठबंधन की आहट सुनाई दे रही है। ध्यान रहे बिहार में हमेशा एक तीसरी ताकत की गुंजाइश है।

नीतीश कुमार के उदय से पहले बिहार में कांग्रेस के मुकाबले समाजवादी पार्टियों के साथ साथ भाजपा और कम्युनिस्ट पार्टियां मजबूती से चुनाव लड़ती थीं। धीरे धीरे बिहार की राजनीति दो ध्रुवीय हो गई। प्रशांत किशोर और कांग्रेस अगर तीसरी ताकत बनने की राजनीति करते हैं तो बिहार का राजनीतिक परिदृश्य दिलचस्प होगा। ध्यान रहे अगले कुछ महीनों या बरसों में बिहार की राजनीति में गुणात्मक परिवर्तन होगा। नीतीश कुमार और लालू प्रसाद के राजनीतिक परिदृश्य से विदा होने के बाद बिहार की राजनीति वैसी ही नहीं रह जाएगी, जैसी पिछले 35 साल से है। उस समय कांग्रेस और प्रशांत किशोर दोनों के लिए बड़ा अवसर बनेगा।

लेकिन उससे पहले प्रशांत किशोर को चुनाव प्रबंधक और राजनीतिक गुरू के तौर पर अपनी खोई हुई साख को वापस हासिल करना होगा। इस साल होने वाला पांच राज्यों का चुनाव उनके लिए परफेक्ट मौका है। उनकी पुरानी कंपनी आईपैक का करार अब भी ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के साथ है। हालांकि आईपैक के साथ अब उनका जुड़ाव नहीं है। लेकिन उन्होंने तमिलनाडु में फिल्म स्टार विजय की पार्टी टीवीके से करार किया है और उनको चुनाव लड़वा रहे हैं। गौरतलब है कि 2021 में ममता बनर्जी की जीत ने प्रशांत किशोर को सबसे बड़ा सुपरस्टार बनाया था। उन्होंने दावा किया था कि भाजपा एक सौ सीट तक नहीं पहुंचेगी और भाजपा सचमुच 77 सीट पर रह गई। अब उनके लिए यह मौका तमिलनाडु में बन सकता है। अगर तमिलनाडु में त्रिशंकु विधानसभा बनती है और विजय की ऐसी हैसियत होती है कि उनके बगैर सरकार न बने तो वह भी पीके के लिए बूस्टर डोज साबित हो सकता है।

टीवीके और कांग्रेस के बीच गठबंधन की चर्चा होना भी प्रशांत किशोर की राजनीति का असर हो सकता है। तमिलनाडु में प्रशांत किशोर अपने को किस तरह से लगाते हैं, क्या मैसेज बनवाते हैं और चुनाव के बाद किस हैसियत में उभरते हैं इससे बिहार की राजनीति में उनकी और उनकी पार्टी की किस्मत बहुत कुछ निर्भर करेगी। कांग्रेस भी अगर उनको आगे मौका देती है तो उसका भी फैसला तमिलनाडु के चुनाव नतीजों से होगा। जो हो उनके लिए अभी रास्ते बंद नहीं हुए हैं। इस बीच वे और उनका संगठन फिर से बिहार में सक्रिय हो गए हैं। सोशल मीडिया में पिछले दो महीने में उनकी उपस्थिति बहुत कम हो गई थी लेकिन एक बार फिर उनकी सोशल मीडिया टीम सक्रिय हो गई है।

# भारत को आत्मनिर्भर होना होगा

जैसे ही यूरोपीय संघ के साथ एक व्यापार संधि फाइनल होने की बात आई वैसे ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी भारत की और नरेंद्र मोदी की खूब तारीफ की। कहा कि जल्दी ही दोनों देशों के बीच एक अच्छी व्यापार संधि होगी। यह भारत के लिए आदर्श स्थित है कि वह भयंकर व्यापार घाटे वाले देश से व्यापार मुनाफे वाले देश में अपने को बदले। लेकिन इसके लिए ऐतिहासिक रूप से भारत ने तैयारी नहीं की। हमारे यहां इस बात पर पीठ थपथपाई जा रही है कि भारत सबसे ज्यादा मोबाइल हैंडसेट निर्यात करने वाला देश बन गया है।

सोचें, यह क्या उपलब्धि हुई? भारत अपना एक भी हैंडसेट नहीं बनाता था। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के समय भारत की घरेलू हैंडसेट कंपनियां लावा और माइक्रोमैक्स का भारत के बाजार पर कब्जा था। लेकिन दो साल के भीतर ये कंपनियां गायब हो गई हैं और चीन की मोबाइल कंपनियों ने भारत के बाजार पर कब्जा कर लिया। भारत आज अमेरिका कंपनी एपल के आईफोन और दक्षिण कोरिया की कंपनी सैमसंग के हैंडसेट असेंबल करता है और उन्हें दुनिया के देशों में बेचा जाता है। सोचें, इसमें भारत के कुछ लोगों को नौकरी मिली है, इसके अलावा भारत को क्या हासिल हो रहा है!

असल में भारत असेंबलिंग का सेंटर बनता जा रहा है। दुनिया की कंपनी भारत में सस्ता श्रम और दूसरी चीजें हासिल कर रही हैं और अपना उत्पाद असेंबल करके दुनिया में बेच रही हैं। भारत के पास न तो अपनी तकनीक है और न अपना कोई उत्पाद है। तभी इस बात की आशंका है कि दुनिया के देशों के साथ मुक्त व्यापार की संधि होने के बाद भारत का व्यापार घाटा कहीं और न बढ़ जाए। अभी अकेले चीन के साथ एक सौ अरब डॉलर यानी करीब नौ लाख करोड़ रुपए का व्यापार घाटा है।

दुनिया के चुनिंदा देशों के साथ ही भारत व्यापार में मुनाफा कमाता है। अमेरिका उनमें से एक है। अगर भारत अपने यहां विनिर्माण सेक्टर को मजबूत नहीं करेगा, उत्पादन नहीं शुरू करेगा, शोध व विकास पर खर्च करके नई चीजें बनाना नहीं शुरू करेगा तो क्या बेचेगा। दुनिया के देशों के पास तो बेचने के लिए बहुत सारी चीजें हैं। भारत तो दूसरे देशों से खरीद कर बेचने वाला देश बन गया है। यहां बनना कैसे शुरू होगा? पहले जो लघु व कुटीर उद्योग भारत में चलते थे उनमें से ज्यादातर बंद हो गए। छोटी छोटी फैक्टरी चलाने वाले सारे लोग व्यापारी बन गए। वे चीन या दूसरे देशों में जाकर सामान लाते हैं और भारत में बेचते हैं। जब तक निर्माण का काम शुरू नहीं होगा, तब तक व्यापार संधियों का बहुत लाभ भारत को नहीं मिलेगा। इसके लिए भारत को पहले अपनी जरुरतों को पूरा करने के लिए आत्मनिर्भर होना होगा। जैसे हरित क्रांति से अनाज के मामले में और श्वेत क्रांति से दूध के मामले में भारत आत्मनिर्भर हुआ वैसे ही किसी क्रांति के जरिए चीन के ऊपर से निर्भरता हटानी होगी और तब दुनिया को निर्यात करने के बारे में सोचना होगा।

## तस्वीरों की दुनिया



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने नई दिल्ली में संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री एम.ए. अय्यंगार को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी।




विज्ञान और प्रौद्योगिकी (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में नेशनल मीडिया सेंटर में आरडीआई (रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन) फंड के तहत टीडीबी (टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट बोर्ड) आरडीआई फर्स्ट कॉल लॉन्च किया।




कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, उन लोकसभा सांसदों के साथ, जिन्हें मंगलवार को अमर्यादित व्यवहार के लिए बजट सत्र के बाकी समय के लिए सस्पेंड कर दिया गया था,



मणिपुर के गवर्नर अजय भल्ला (बाएं) इम्फाल में राजभवन में बीजेपी मणिपुर के नेता युमनाम खेमचंद सिंह से मिले, जिन्होंने बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार बनाने का दावा पेश किया।




नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे की अप्रकाशित मेमोइर की एक कॉपी दिखाई। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद थीं।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुरी के जगन्नाथ मंदिर की यात्रा के दौरान भीड़ को हाथ हिलाकर अभिवादन करती हुई।



अनंतनाग में, ताज़ी बर्फबारी के बाद एक धूप वाले दिन, एक महिला अपने मवेशियों को बर्फ से ढके खेत से होते हुए पीने के पानी के लिए नदी तक ले जा रही है।

## टैरिफ में कमी से बिहार कृषि निर्यात को मिलेगी नई उड़ान मखाना निर्यात 30 हजार मीट्रिक टन तक पहुंचने की उम्मीद

**पटना।** अमेरिका की ओर से भारत से आयात पर टैरिफ में कमी की घोषणा का सीधा लाभ बिहार के कृषि क्षेत्र को मिलने जा रहा है। खासकर मखाना सहित अन्य कृषि व बागवानी उत्पादों के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024-25 में भारत से कुल 25,130 मीट्रिक टन मखाने का निर्यात किया गया, इसमें बिहार की भूमिका सबसे अहम रही। अब टैरिफ घटने के बाद मखाना निर्यात 30 हजार मीट्रिक टन तक पहुंचने का अनुमान है। आंकड़ों के मुताबिक 2024-25 में अमेरिका समेत विभिन्न देशों को 25 हजार टन से अधिक मखाना भेजा गया। केवल अमेरिका में हर महीने करीब 150 टन मखाना निर्यात हो रहा था, जो अब बढ़कर 250 टन प्रति माह तक पहुंच सकता है। इससे मखाना उत्पादकों, प्रोसेसरों और निर्यातकों को बड़ा लाभ होगा। नेहाशी इंटरनेशनल एक्सपोर्टर की निदेशक नेहा आर्या के अनुसार बिहार से हर महीने 50 से 60 कंटेनर मखाना का निर्यात किया जाता है। एक 40 फीट के कंटेनर में करीब पांच टन मखाना लोड होता है। इनमें से लगभग 30 कंटेनर अमेरिका जाते हैं।

इसके अलावा आस्ट्रेलिया, कनाडा, यूएई, बेल्जियम, दुबई, कतर, सऊदी अरब, लंदन और अन्य गल्फ देशों में भी बिहार का मखाना बड़ी मात्रा में जा रहा है। हाल ही में भारतीय निर्यातकों का एक प्रतिनिधिमंडल गल्फ देशों के दौरे से लौटा है, जहां मखाने की मांग तेजी से बढ़ती दिखी है।निर्यातकों के मुताबिक मखाना कुल चार श्रेणियों में होता है, इनमें सबसे उच्च गुणवत्ता वाला मखाना अमेरिका भेजा जाता है। इसे 'ओके क्वालिटी' कहा जाता है। अमेरिका निर्यात से पहले मखाने को कई कड़े गुणवत्ता मानकों और जांच प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। टैरिफ में कमी का असर सिर्फ मखाना तक सीमित नहीं रहेगा।

# राहुल गांधी पर जमकर बरसे सीएम धामी, बोले- रवनीत सिंह बिट्टू को गद्दार कहना उनके अहंकार का प्रतीक है



**देहरादून, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी द्वारा केंद्रीय राज्यमंत्री और सांसद रवनीत सिंह बिट्टू को गद्दार कहे जाने की कड़ी निंदा की और इसे कांग्रेस की मानसिकता का परिचायक बताया।मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी का यह बयान कांग्रेस के अहंकार और सिख समाज के प्रति उसकी सोच को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि सिखों का अपमान कांग्रेस के डीएनए में है और यह वही मानसिकता है जो सत्ता के घमंड में गुरु की मर्यादा भूल जाती है और बलिदान की परंपरा को संदेह की दृष्टि से देखती है। सीएम धामी ने वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय कांग्रेस ने सिखों के खून से अपने हाथ रंगे थे, फिर भी उनकी आत्मा नहीं कांपी। उन्होंने कहा कि आज भी कांग्रेस नेताओं की भाषा में वही जहर दिखाई देता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि देवभूमि उत्तराखंड में भी कांग्रेस नेताओं द्वारा सिख समाज का उपहास किया गया है और सनातन परंपरा का बार-बार अपमान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण और विभाजनकारी राजनीति करती है और अक्सर देश विरोधी ताकतों की भाषा बोलती है।मुख्यमंत्री ने अपने ट्वीट में स्पष्ट किया कि इस तरह की बयानबाजी देश की एकता और सामाजिक सौहार्द के लिए घातक है और कांग्रेस को अपनी सोच पर आत्ममंथन करना चाहिए।

## ट्रंप और मोदी के बीच बहुत अच्छे रिश्ते व्हाइट हाउस रूस को लेकर कही ये बात

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच बहुत अच्छे रिश्ते हैं।उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी रूस से तेल खरीदना बंद करके अमेरिका और शायद वेनेजुएला से खरीदने पर सहमत हो गए हैं।लेविट ने पत्रकारों से कहा कि हमारा मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर कुछ ऐसा है जिसकी राष्ट्रपति को काफी परवाह है। इसीलिए वह अपनी टैरिफ पालिसी को लेकर इतने दृढ़ और समर्पित हैं। जैसा कि आप सभी ने देखा कि राष्ट्रपति ने भारत के साथ एक और बड़ा व्यापार समझौता किया है।उन्होंने सीधे प्रधानमंत्री मोदी से बात की। उनके बीच बहुत अच्छे रिश्ते हैं। भारत ने न सिर्फ रूस से तेल नहीं खरीदने का वादा किया है, बल्कि शायद वेनेजुएला से भी तेल खरीदने का वादा किया है, जिसका अब अमेरिका और अमेरिकी लोगों को सीधा फायदा होगा।

## बिहार की जेलों में लगेंगे 9000 कैमरे मोबाइल कॉल रोकने को लगेंगे विशेष टावर



**पटना, 05 फरवरी ।**

राज्य के जेलों में कैदियों की सुरक्षा और निगरानी से लेकर मनोरंजन तक के उपाय किए जा रहे हैं। कैदियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सभी जेल परिसरों में कैमरे लगाए जाएंगे। वहीं मोबाइल काल रोकने के लिए विशेष टावर लगाने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। इसके अलावा कैदियों के मनोरंजन के लिए रंगीन टीवी भी लगाया जाएगा। गृह विभाग के अनुसार, राज्य के 53 जेलों में करीब नौ हजार से अधिक क्लोज सर्किट कैमरे लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह जिम्मेदारी बेल्ट्रान को सौंपी गयी है। इस पर करीब 155 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इन कैमरों को केंद्रीयकृत मानीटरिंग सिस्टम से भी जोड़ा जाएगा, ताकि मुख्यालय से मानीटरिंग की जा सके।इसके अलावा आठ केंद्रीय कारा सहित 15 महत्वपूर्ण जेलों में विशेष टावर लगाए जाएंगे ताकि अनचाहे मोबाइल काल को रोका जा सके। इसके लिए टावर आफ हारमोनिक काल ब्लॉकिंग सिस्टम (टीएचसीबीएस) लगाने का काम छह महीने के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। पटना के आदर्श केंद्रीय कारा बेउर सहित बक्सर, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, गया, मोतिहारी और पूर्णिया के सेंट्रल जेल में भी यह सिस्टम लगाया जाएगा। विभागीय जानकारी के अनुसार, राज्य की जेलों में बंदियों के उपयोग को लेकर 681 रंगीन टीवी लगाये जा रहे हैं। इस पर करीब 3.10 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। प्रति टीवी करीब 43 हजार रुपये का खर्च आने का अनुमान है।

# औद्योगिक डीजल पर वैट घटाया तो भरने लगा खजाना झारखंड सरकार को मिला 269.52 करोड़ राजस्व

**रांची, 05 फरवरी [एजेंसी]।**



झारखंड में खनन और उद्योग से संबंधित गतिविधियों के लिए मई 2025 से लेकर जनवरी 2026 के बीच औद्योगिक और खनन कंपनियों ने तेल कंपनियों से 23.58 लाख लीटर डीजल की खरीदारी की और यह खरीदारी राज्य सरकार के खजाने के लिए सुखद संदेश लेकर आया है। अनुमान के अनुसार, अब हर माह 50 करोड़ रुपये के करीब खजाने में कर के तौर पर जमा होने लगेंगे। ज्ञात हो कि राज्य सरकार तेल कंपनियों के माध्यम उपभोक्ताओं से वैट की वसूली करती है जिसका पूर्व में दर 22 प्रतिशत था। इससे प्रदेश में डीजल की कीमत पड़ोसी राज्यों से अधिक हो जा रही थी और थोक उपभोक्ता झारखंड के बजाय उत्तर प्रदेश के मुगलसराय और पश्चिम बंगाल के हल्दिया डिपो से खरीदारी को महत्व देने लगे थे।राज्य सरकार ने अप्रैल माह में निर्णय लिया कि झारखंड में थोक बिक्री पर वैट की दरों में कमी की जाए और इसे पड़ोसी राज्यों के समकक्ष रखा जाए। इस निर्णय के पूर्व तेल कंपनियों और उपभोक्ताओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें भी आयोजित हुईं और वैट की दर कम करने का निर्णय लिया गया।

इस निर्णय का असर अब दिखने लगा है। सरकार की ओर से राहत दिए जाने के बाद झारखंड के औद्योगिक उपभोक्ताओं ने प्रदेश के डिपो से ही डीजल की खरीदारी की शुरुआत कर दी है और अब नतीजा सबके सामने है। शुरुआती महीनों में कुछ झिझक हुई जिस कारण से खरीदारी कम हुई। इसके बाद मई 2025 से लेकर जनवरी 2026 तक झारखंड के थोक उपभोक्ताओं ने 23.58 करोड़ लीटर डीजल की खरीदारी झारखंड स्थित डिपो से की। इसके माध्यम से राज्य सरकार को 269.52 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। आनेवाले दिनों में खरीदारी बढ़ने का अनुमान भी लगाया जा रहा है। वाणिज्य कर विभाग के सूत्रों के अनुसार इससे राज्य सरकार को औसतन 50 करोड़ रुपये का राजस्व हर माह मिलेगा।

## गाजा में इजरायली हमलों में सात ब'चे सहित 24 मारे गए युद्धविराम समझौते का उल्लंघन

**गाजा।** गाजा में इजरायली गोलाबारी और हवाई हमलों में 24 फलस्तीनी मारे गए, जिनमें सात बच्चे भी शामिल थे। मृतकों में एक चिकित्सक भी शामिल है, जो खान यूनिस में हुए हमले में पीड़ितों की मदद के लिए जा रहा था। वह उसी स्थान पर हुए दूसरे हमले में मारा गया। अन्य हमले उत्तरी गाजा शहर में हुए, जहां स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि एक पांच महीने के बच्चे की मौत हो गई। ये हमले रफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने के तीन दिन बाद हुए हैं, जो अमेरिका समर्थित युद्धविराम में एक महत्वपूर्ण कदम है।इजरायली सेना ने कहा कि ये हमले इजरायली सैनिकों पर आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी के जवाब में किए गए। इजरायली सैनिक आतंकवादियों की गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उसने युद्धविराम समझौते का उल्लंघन बताया।सेना ने कहा कि हमले में हमास के एक वरिष्ठ कमांडर को निशाना बनाया गया था।

# अवैध शराब परिवहन के मामले में बड़ी कार्रवाई सोम डिस्टलरी के दो लाइसेंस निलंबित



**भोपाल।** नकली परमिट के जरिए अवैध शराब परिवहन के गंभीर मामले में राज्य सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए सोम डिस्टलरी प्राइवेट लिमिटेड सेहतगंज और रोजराजक (जिला रायसेन) को जारी अलग-अलग लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। महाधिवक्ता से विधिक परामर्श मिलने के बाद आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल ने चार फरवरी को निलंबन के आदेश जारी किए।दरअसल, इस प्रकरण में उच्च न्यायालय इंदौर की खंडपीठ ने आरोपितों को दी गई सजा के क्रियान्वयन पर तो रोक लगाई है, लेकिन दोषसिद्धि के आदेश को खारिज नहीं किया गया है। साथ ही, लाइसेंस निलंबन पर भी किसी प्रकार की रोक नहीं है। आबकारी अधिनियम के तहत नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कार्रवाई का अधिकार आयुक्त को प्राप्त है, जिसका उपयोग करते हुए यह निर्णय लिया गया।यह मामला वर्ष 2023 का है, जब नकली परमिट बनाकर अवैध शराब के परिवहन का खुलासा हुआ था। अपर सत्र न्यायाधीश देपालपुर ने सोम डिस्टलरी प्राइवेट लिमिटेड सेहतगंज और रोजराजक को दोषी मानते हुए कंपनी प्रतिनिधि उमाशंकर शर्मा, जी.डी. अरोड़ा, दिनकर सिंह, मोहन सिंह तोमर और दीनानाथ सिंह को विभिन्न धाराओं में कारावास व अर्थदंड से दंडित किया था।इसके खिलाफ कंपनी पदाधिकारियों ने उच्च न्यायालय इंदौर में याचिका दायर की, जहां सजा पर अस्थायी रोक लगाई गई। इसके बाद लाइसेंस निलंबन को लेकर आबकारी आयुक्त कार्यालय ने महाधिवक्ता से राय मांगी थी। परामर्श में स्पष्ट किया गया कि सजा पर रोक होने के बावजूद दोषसिद्धि आदेश प्रभावी है और निलंबन की कार्रवाई पर कोई कानूनी बाधा नहीं है। उल्लेखनीय है कि इसी प्रकरण में 25 सितंबर 2025 को आबकारी उप निरीक्षक प्रीति गायकवाड को सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है। वहीं, विभाग के अन्य अधिकारी–मदन सिंह पंवार, कैलाश चंद्र बंगाली और राम प्रसाद मिश्रा–सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के लिए प्रस्ताव आयुक्त कार्यालय द्वारा शासन को भेजे गए हैं।

## ससुराल वालों की हैवानियत... दहेज में कार न मिलने पर विवाहिता को मुंह में कपड़ा ठूंसकर पीटा, सिगरेट और चिमटे से जलाया

**बांदा, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

अतिरिक्त दहेज में चार पहिया क्रेटा गाड़ी न मिलने से नाराज ससुरालीजनों ने विवाहिता के साथ मारपीट कर अमानवीय यातनाएं दीं। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत पांच



ससुरालीजनों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न व अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अतर्रा नगर के मढियानाका मोहल्ला निवासी राजाभइया साहू ने अपनी पुत्री राधा साहू का विवाह 22 अप्रैल 2022 को बिसंडा निवासी मनीष साहू के साथ किया था। पीड़िता का आरोप है, कि शादी के कुछ ही दिनों बाद पति और अन्य ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में क्रेटा गाड़ी की मांग करने लगे। मायके की आर्थिक स्थिति कमजोर होने और शादी में कर्ज होने की बात कहने पर ससुरालीजन और अधिक उत्पीड़न करने लगे। आरोप है कि पति मनीष, ससुर संतोष, सास राजेश्वरी, देवर सतीश और ननद प्रियंका आए दिन मारपीट करते थे। बीते 25 जनवरी की रात सभी ससुरालीजन एकराय होकर कमरे में पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए पीड़िता के मुंह में कपड़ा ठूंसकर मारपीट की। क्रुरता की हद पार करते हुए पति ने सिगरेट से और सास ने गर्म चिमटे से पीड़िता को जलाया। इस दौरान सभी लोग उसकी हत्या कर दूसरी शादी करने की धमकी भी देते रहे। पीड़िता ने बीते रविवार को महिला थाना पहुंचकर तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ओडिशा राज्यसभा चुनाव: संत्रुप्त मिश्रा बीजेडी के प्रबल दावेदार BJP को दो सीटें, BJD को एक, चौथी पर सस्पेंस



**भुवनेश्वर, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

अप्रैल में ओडिशा से राज्यसभा की चार सीटें रिक्त होने वाली हैं। इसे लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। ओडिशा विधानसभा में मौजूदा संख्या बल को देखते हुए दो सीटें सत्तारूढ़ भाजपा के खाते में जाने की संभावना है, जबकि एक सीट विपक्षी बीजेडी के लिए लगभग तय मानी जा रही है।इन चर्चाओं के बीच बीजेडी सुप्रीमो नवीन पटनायक के राजनीतिक सलाहकार संत्रुप्त मिश्रा का नाम एक मजबूत दावेदार के रूप में सामने आया है। लंबे समय तक कॉरपोरेट जगत से जुड़े रहे संत्रुप्त मिश्रा ने 2024 के आम चुनाव से पहले बीजेडी जॉइन की थी और पार्टी के टिकट पर कटक लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था, हालांकि उन्हें सफलता नहीं मिली थी। नवीन पटनायक के करीबी माने जाने के कारण अब उनके राज्यसभा उम्मीदवार बनने की अटकलें तेज हो गई हैं। हालांकि, अब तक न तो बीजेडी और न ही संत्रुप्त मिश्रा की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी किया गया है।

मिश्रा के अलावा कई अन्य वरिष्ठ नेता भी राज्यसभा की दौड़ में बताए जा रहे हैं। इनमें पूर्व नौकरशाह संतोष सतपथी, प्रणब प्रकाश दास, अतनु सब्यसाची नायक, संजय दास बर्मा, देबी प्रसाद मिश्रा और प्रताप जेना के नाम शामिल हैं। जैसे-जैसे रिक्तियों की तारीख नजदीक आ रही है, बीजेडी के भीतर राजनीतिक सरगर्मी और बढ़ती जा रही है।

उल्लेखनीय है कि आगामी राज्यसभा चुनावों की तैयारियां पहले ही शुरू हो चुकी हैं, जिससे ओडिशा की राजनीति में गहन मंथन शुरू हो गया है। अप्रैल में चार राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने वाला है, जिसके मद्देनज़र भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए हैं।जिन चार राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, उनमें मुन्ना खान, निरंजन बिशी, ममता महंत और सुजीत कुमार शामिल हैं। जैसे-जैसे चुनावी तैयारियां तेज हो रही हैं, राजनीतिक गलियारों में पार्टी उम्मीदवारों और सीटों के गणित को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। विधानसभा में मौजूदा संख्या बल के अनुसार भाजपा के दो सीटें जीतने की संभावना है, जबकि बीजेडी के खाते में एक सीट जाना तय माना जा रहा है। हालांकि चौथी सीट सबसे दिलचस्प बन गई है, क्योंकि किसी भी दल के पास इसे अपने दम पर जीतने के लिए आवश्यक संख्या नहीं है।

## राजस्थान में ईडी का बड़ा एक्शन, बहरोड़ के पूर्व विधायक बलजीत यादव गिरफ्तार

**जयपुर 5 जनवरी।** राजस्थान में बहरोड़ विधानसभा सीट के पूर्व निर्दलीय विधायक बलजीत यादव को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने विधायक निधि कोष (एमएलए) के दुरूपयोग के मामले में गिरफ्तार किया है। उनको ईडी की जयपुर क्षेत्रीय इकाई की टीम ने मंगलवार देर रात जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अलवर के शाहजहापुर टोल प्लाजा के निकट से गिरफ्तार किया।गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने विधायक को जयपुर स्थित सीबीआई मामलों के विशिष्ट न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें तीन दिन के रिमांड पर भेज दिया गया।

न्यायाधीश खगेंद्र कुमार शर्मा ने मामले में पांच घंटे तक सुनवाई की।सुनवाई के दौरान विधायक ने कहा कि मुझे राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। बहरोड़ सीट से वर्तमान भाजपा विधायक जसवंत यादव के मंदबुद्धि पुत्र को विधायक बनाने के लिए मुझे झूठे मामले में फंसाया जा रहा है। विधायक के वकील भानू प्रकाश शर्मा ने कहा कि सरकारी स्कूलों में खेल सामग्री का वितरण पूरी प्रक्रिया से हुआ था। पंचायत समिति की ओर से ठेके प्रकाशित करवाए गए थे। ठेके में जो फर्म सही मिली उसको खेल की सामग्री की आपूर्ति करने का जिम्मा सौंपा गया था। वहीं, ईडी के वकील अपेक्षा तिवारी ने कहा कि विधायक को पिछले साल तीन बार पूछताछ के लिए समन भेजे गए थे, लेकिन उन्होंने जांच में सहयोग नहीं किया। इस कारण ईडी को उन्हें गिरफ्तार करना पड़ा।विधायक पर एमएलए कोष की तीन करोड़ रुपये से अधिक राशि के दुरूपयोग करने का आरोप है। मालूम हो कि पिछले वर्ष जनवरी में ईडी ने विधायक के ठिकानों एवं उनके विश्वस्तों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष, 2020 में बहरोड़ विधानसभा के 32 सरकारी स्कूलों के लिए बैडमिंटन और क्रिकेट किट खरीदे थे। किट खरीद के नाम पर तीन करोड़ 72 लाख रुपये से अधिक की रकम का दुरुपयोग किया गया।

# युमनाम खेमचंद सिंह ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ मणिपुर में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की शुरुआत

**इंफाल, 05 फरवरी [एजेंसी]।**



मणिपुर में लगभग एक वर्ष से जारी राष्ट्रपति शासन समाप्त हो गया है। भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह ने बुधवार को राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण की। वह अनुभवी राजनेता, कुशल प्रशासक और ताइक्वांडो ब्लैक बेल्ट हैं। कुकी समुदाय के भाजपा विधायक नेमचा किपगेन और नगा पीपुल्स फ्रंट के विधायक एल. दिखो ने उपमुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली।मणिपुर में जातीय हिंसा के कारण पिछले वर्ष नौ फरवरी को बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद 13 फरवरी को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया था। तब से यह अशांत राज्य राष्ट्रपति शासन के अधीन था।राष्ट्रपति शासन हटाए जाने के कुछ घंटों बाद बुधवार शाम यहां लोक भवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने 62 वर्षीय खेमचंद को शपथ दिलाई।भाजपा के गोविंददास कोंथौजम और नेशनल पीपुल्स पार्टी के के. लोकेन सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। उपमुख्यमंत्री के तौर पर किपगेन ने नई दिल्ली स्थित मणिपुर भवन से वर्चुअली शपथ ली। इससे पहले मंगलवार को मणिपुर के भाजपा विधायक दल ने नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में खेमचंद सिंह को अपना नेता चुना था। बैठक में भाजपा के 37 में से 35 विधायकों के अलावा पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक तरुण चुघ, पूर्वोत्तर मामलों के प्रभारी संबित पात्रा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ए. शारदा देवी आदि भी शामिल हुए थे।दो विधायक बीमारी के कारण बैठक में शामिल नहीं हुए थे। इसके बाद नई दिल्ली स्थित मणिपुर भवन में एक और बैठक हुई थी, जिसमें मणिपुर में राजग के घटक दलों नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के छह, नाग पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) के पांच और तीन निर्दलीय विधायकों के अलावा भाजपा विधायक शामिल हुए थे।गौरतलब है कि मणिपुर में तीन मई, 2023 को तब जातीय हिंसा शुरू हुई थी, जब पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च निकाला गया था। यह मार्च मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग के विरोध में निकाला गया था।

तब से इस हिंसा में कुकी व मैतेई दोनों समुदायों के सदस्यों और सुरक्षाकर्मियों समेत 260 लोग मारे गए हैं, जबकि हजारों लोग बेघर हुए हैं। खेमचंद सिंह लंबे समय से आरएसएस के पदाधिकारी और संगठन पर ध्यान देने वाले नेता रहे हैं। राजनीति के अलावा वह ताइक्वांडो फेडरेशन आफ इंडिया के उपाध्यक्ष रहे हैं और पूर्वोत्तर में इसे बढ़ावा देने में शामिल रहे हैं। वह दशकों से राजनीति में हैं, लेकिन वह पहली बार 2017 में इंफाल पश्चिम जिले के सिंगजामेई सीट से विधायक बने थे।मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के पहले कार्यकाल में वह विधानसभा स्पीकर चुने गए थे। 2022 में उनके दूसरे कार्यकाल में उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाया गया था। उन्होंने पहला विधानसभा चुनाव 2012 में तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था, लेकिन कांग्रेस उम्मीदवार से हार गए थे। 2013 में वह भाजपा में शामिल हो गए थे।

## क्या रुक जाएगा युद्ध? रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधियों ने अबू धाबी में की मुलाकात




**कीव 5 जनवरी ।** युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका की मध्यस्थता में हो रही वार्ता के एक और दौर के लिए रूस और यूक्रेन के दूत बुधवार को अबू धाबी में मिले।बैठक में उपस्थित रहे यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के प्रमुख रुस्तम उमेरोव ने बताया कि मॉस्को और कीव के प्रतिनिधिमंडलों के साथ संयुक्त अरब अमीरात में अमेरिकी अधिकारी भी शामिल हुए। दो दिवसीय वार्ता तीनों प्रतिनिधिमंडलों की उपस्थिति में शुरू हुई। पिछले महीने संयुक्त अरब अमीरात में हुई वार्ता में कुछ प्रगति हुई लेकिन प्रमुख मुद्दों पर कोई निर्णायक सफलता नहीं मिली। वहीं, रायटर के अनुसार पूर्वी डोनेत्सक के यूक्रेन-नियंत्रित सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित ड्रजक्विका कस्बे में रूसी हमलों में सात लोग मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए। आरोप है कि रूस ने कस्बे पर क्लस्टर बमों से गोलाबारी की, जिसमें बाजार को निशाना बनाया गया। हमलों पर रूस की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है।

# क्या आपको है शॉपिंग की लत? इन 5 तरीकों से जल्द मिलेगा छुटकारा

***अधिकतर लोग खरीदारी करना पसंद करते हैं। हालांकि, जब यह एक आदत बन जाती है तो इससे आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ता है। अगर आप जरूरत से ज्यादा खरीदारी करते हैं तो इससे आपकी बचत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और जेब खाली हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे, जिन्हें अपनाकर आप खरीदारी की लत से छुटकारा पा सकते हैं और अपने खर्चों को नियंत्रित कर सकते हैं।***

### बजट बनाएं और उसका पालन करें

खरीदारी की लत से छुटकारा पाने के लिए सबसे पहले एक बजट बनाएं और उसका पालन करें। अपनी मासिक आय और खर्चों का अंदाजा लगाएं और तय करें कि आप कितनी राशि खरीदारी पर खर्च कर सकते हैं। इससे आपको अपने खर्चों का सही अंदाजा होगा और बेवजह के खर्चों से बच सकेंगे। इसके अलावा बजट बनाने से आप अपनी बचत को भी बढ़ा सकते हैं और आर्थिक स्थिरता पा सकते हैं।

### सूची बनाकर खरीदारी करें

खरीदारी करने से पहले एक सूची बनाएं और उसी के अनुसार सामान खरीदें। बिना योजना के बाजार जाने से आप अनावश्यक चीजें खरीद सकते हैं, जो आपके बजट को बिगाड़ सकती हैं। इसके अलावा सूची बनाकर खरीदारी करने से आपका समय भी बचेगा और आप अधिक व्यवस्थित रहेंगे। इससे आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखने में मदद मिलेगी और बेवजह के खर्चों से बच सकेंगे। इस तरह से आप अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकते हैं।

### ऑनलाइन खरीदारी वाले ऐप हटाएं

अगर आपको ऑनलाइन खरीदारी करने की आदत है तो अपने फोन या कंप्यूटर से सभी ऑनलाइन खरीदारी वाले ऐप को हटा दें। इनकी मौजूदगी आपके लिए लालच का कारण बन सकती है और आप बिना जरूरत के चीजें खरीद सकते हैं। इसके अलावा इन ऐप को हटाने से आप अपनी बचत को सुरक्षित रख सकेंगे और बेवजह के खर्चों से बच सकेंगे। अगर आप ऐप हटाना नहीं चाहते हैं तो उनके नोटिफिकेशन को बंद रखें।

### खरीदारी करने का समय तय करें

खरीदारी करने का एक निश्चित समय तय करें और उससे बाहर न जाएं। उदाहरण के लिए सप्ताह में एक बार या महीने में एक बार ही खरीदारी करने का समय होना चाहिए। इससे आपकी खरीदारी की आदत नियंत्रित रहेगी और आप बेवजह पैसे लुटाने से बचे रहेंगे। अगर संभव हो तो महीने में एक बार ही घर का सारा जरूरी सामान खरीद लाएं। इससे आपको बीच में चीजें लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी और फिजूल खर्ची भी नहीं होगी।

### भावनात्मक कारणों से खरीदारी करने से बचें

अक्सर लोग तनाव, उदासी या अकेलेपन जैसे भावनात्मक कारणों से खरीदारी कर लेते हैं। इन भावनाओं को समझें और उनसे निपटने के लिए अन्य तरीके अपनाएं।

आप खरीदारी के बजाय योग, ध्यान या दोस्तों के साथ समय बिताना चुन सकते हैं। इस तरह आप अपनी खरीदारी की आदत को नियंत्रित रख सकेंगे और बेवजह के खर्चों से बच सकेंगे। इससे आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और आप अधिक संतुलित जीवन जी पाएंगे।





## गोलमाल 5 में करीना कपूर की वापसी पक्की रोहित शेट्टी की सबसे बड़ी पलटन तैयार

रोहित शेट्टी की ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फ्रेंचाइजी गोलमाल 5 को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म में करीना कपूर की वापसी पक्की हो गई है, जो एक बार फिर अजय देवगन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। इस बार रोहित शेट्टी ने अक्षय कुमार को भी इस फिल्म से जोड़कर एक बड़ा कास्टिंग धमाका किया है। अजय, अक्षय और करीना जैसे सितारों के साथ गोलमाल 5 की ये पलटन अब तक की सबसे बड़ी टीम मानी जा रही है। फिल्म से जुड़े सूत्र ने बताया, करीना की कास्टिंग में थोड़ा समय लगा, क्योंकि तारीख और कुछ अन्य मुद्दों पर बातचीत चल रही थी। रोहित शेट्टी और अजय देवगन उन्हें फिल्म में लेने के लिए बेहद उत्सुक थे, वहीं करीना भी गोलमाल फ्रेंचाइजी में लौटने को लेकर उत्साहित थीं। रोहित की टीम ने करीना के लिए एक बेहद मजेदार और अनोखा रोल तैयार किया है, जिसके लिए आखिरकार बात बन गई है। ट्रेड पंडितों का मानना है कि गोलमाल 5 को लेकर पहले ही काफी उत्साह था, क्योंकि इसके सभी पिछले चारों भाग सफल रहे हैं। अब अक्षय की एंट्री और करीना की वापसी ने फिल्म के प्रति रोमांच को दोगुना कर दिया है। जानकारों का मानना है कि ये करिश्मा केवल रोहित ही कर सकते थे। अपनी जबरदस्त साख और बॉक्स ऑफिस पर सफलता के बेमिसाल रिकॉर्ड के दम पर उन्होंने बॉलीवुड सितारों के इस महा-संगम को मुमकिन कर दिखाया है।

## महिलाएं इस तरह से स्टाइल कर सकती हैं स्कॉर्ट्स, आपको मिलेगा सबसे स्टाइलिश लुक

महिलाओं के बीच स्कॉर्ट्स काफी लोकप्रिय हो रहे हैं, जो स्कर्ट और शॉर्ट्स का मेल होते हैं। ये असल में शॉर्ट्स होते हैं, लेकिन आगे से स्कर्ट जैसे दिखते हैं। यह कपड़ा न केवल स्टाइलिश लुक देता है, बल्कि बहुत आरामदायक भी होता है। स्कॉर्ट्स को सही तरीके से स्टाइल करने से आप हर मौके पर बेहतरीन दिख सकती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ फैशन टिप्स देंगे, जिनसे आप स्कॉर्ट्स को अलग-अलग तरीकों से स्टाइल कर सकेंगी।

टी-शर्ट के साथ मेल करें

स्कॉर्ट्स के साथ एक साधारण टी-शर्ट पहनना एक बेहतरीन आउटफिट हो सकता है। यह मेल कॉलेज जाने वाली महिलाओं के लिए बढ़िया रहेगा और यह समुद्र तट पर छुट्टियां बिताने के लिए भी अच्छा आउटफिट होगा। आप चाहें तो टी-शर्ट को अंदर से टक कर सकती हैं, ताकि आपका लुक और भी खास लगे। इसके अलावा आप टी-शर्ट के रंग और डिजाइन को अपने स्कॉर्ट्स के रंग से मिलाकर एक आकर्षक लुक पा सकती हैं।

जैकेट या कोट लेयर करें

अगर आप अपने लुक में थोड़ा-सा बदलाव चाहती हैं तो एक अच्छी फिटिंग वाली जैकेट या कोट लेयर कर सकती हैं। स्कॉर्ट्स के ऊपर कोई सुंदर-सा टैंक टॉप पहनें और ऊपर से मेल खाती हुई जैकेट लेयर कर लें। जैकेट या कोट का चुनाव करते समय ध्यान रखें कि उसकी फिटिंग सही हो, ताकि आपका लुक बेहतरीन लगे। गर्मियों के लिए डेनिम जैकेट सही रहेगी और सर्दियों में आप लेदर या कोई भी मोटी जैकेट पहन सकती हैं।

स्टाइलिश टॉप के साथ पहनें

अगर आप किसी खास मौके पर जा रही हैं तो स्कॉर्ट्स के ऊपर कोई स्टाइलिश टॉप पहन लें। आप कॉर्सेट या ट्यूब टॉप का चुनाव कर सकती हैं, जो ऑफ शोल्डर और फिटिंग वाला लुक देंगे। इसके अलावा इस बॉटम वियर के साथ टैंक टॉप, वन ऑफ शोल्डर टॉप, सैटिन टॉप और बैकलेस टॉप भी बढ़िया लगते हैं। आपको टॉप का चुनाव जगह और अवसर को ध्यान में रखते हुए करना चाहिए।



शर्ट के साथ स्टाइल करें

स्कॉर्ट्स में पेशेवर लुक पाना थोड़ा मुश्किल सही, लेकिन असंभव नहीं है। अगर आप इसके साथ शर्ट पहनती हैं तो यह ऑफिस के लिए अच्छा आउटफिट हो सकता है। साथ ही यह घूमने जाने के लिए भी आदर्श लुक हो सकता है। स्कॉर्ट्स के साथ मेल खाते रंग वाली शर्ट पहनें और उसे अंदर टक कर लें। इस लुक के साथ हील वाली सैंडल पहनें, ताकि आपकी लंबाई बढ़े और आप ज्यादा सुंदर दिख सकें।

## बॉक्स ऑफिस पर बॉर्डर 2 की कमाई में आई भारी गिरावट, मर्दानी 3 का हाल बुरा

बॉक्स ऑफिस पर इस वक्त सनी देओल की युद्ध ड्रामा फिल्म बॉर्डर 2 अपना कब्जा जमाकर बैठी है। दूसरी तरफ रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 भी रिलीज हो चुकी है। दोनों फिल्मों ने वीकेंड पर अच्छी कमाई कर दिखाई थी, लेकिन नॉन हॉलीडे में लौटते ही दोनों को भारी झटका लगा है। बॉक्स ऑफिस पर दोनों फिल्मों की कमाई के आंकड़े तेजी के साथ नीचे गिरे हैं, जो खासतौर पर मर्दानी 3 के लिए संकट की बात है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, बॉर्डर 2 ने अपने दूसरे सोमवार को 11 वें दिन 5.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, जो पिछली कमाई के लिहाज से काफी कम है। इसने वीकेंड पर 9वें दिन 17.75 करोड़ कमाए थे और 10वें दिन का कारोबार 22.5 करोड़ रुपये था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 11 दिन गुजारने के बाद कुल 281 करोड़ रुपये का नेट कारोबार कर लिया है। अब इसका अगला लक्ष्य 300 करोड़ के क्लब में पहुंचा है।



## मैं फेल हो सकती हूं, मगर हार नहीं मानूंगी : पायल राजपूत


साउथ फिल्म इंडस्ट्री की उभरती एक्ट्रेस पायल राजपूत ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी के साथ अपने मजबूत इरादे को जाहिर किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह कभी हार नहीं मानेंगी। पायल ने स्पष्ट किया कि इंडस्ट्री में कुछ लोग उन्हें एक्टिंग छोड़ने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे दृढ़ हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, वे चाहते हैं कि मैं छोड़ दूं, और मैं खुद से सवाल करती हूं कि क्या मुझे ऐसा करना चाहिए। लेकिन फिर मैं पिछले 12 सालों में की गई कड़ी मेहनत के बारे में सोचती हूं। इसलिए मैं खुद से कहती हूं नहीं, मैं फेल हो सकती हूं, लेकिन हार नहीं मानूंगी। नेपोटिज्म जैसे गंभीर मुद्दों पर पायल अक्सर अपने राय रखती रहती हैं। इससे पहले भी उन्होंने विचार व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया और फिल्म इंडस्ट्री में भाई-भतीजावाद और फेवरेटिज्म पर खुलकर बात की थी। उन्होंने लिखा था कि एक्टर बनना सबसे मुश्किल करियर में से एक है। हर दिन अनिश्चितता के साथ शुरू होता है, जहां टैलेंट से ज्यादा विशेषाधिकार और कनेक्शन हावी हो जाते हैं।

पायल ने बताया था कि कई बार उन्हें शक होता है कि उनकी मेहनत और लगन ऐसी दुनिया में नोटिस होगी भी या नहीं। मौके अक्सर मशहूर सरनेम या पावरफुल एजेंट वाले लोगों के पास चले जाते हैं। फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और टैलेंट पर भरोसा रखा।

फिलहाल पायल कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह तेलुगू फिल्म वेंकटलक्ष्मी में नजर आने वाली हैं, जिसे मशहूर डायरेक्टर मुनि बना रहे हैं। मेकर्स इस फिल्म को तेलुगू, तमिल और हिंदी में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा, पायल के पास एक और तमिल फिल्म है। अनटाइटल्ड फिल्म एक बड़े बजट का प्रोजेक्ट है, जिसे जाने-माने डायरेक्टर आर.एस. दुरई सेंथिलकुमार डायरेक्ट कर रहे हैं। शूटिंग का पहला फेज चेन्नई में पूरा हो चुका है। जानकारी के अनुसार यह फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक रोमांचक एक्शन-ड्रामा है। संगीत जिब्रान दे रहे हैं, सिनेमैटोग्राफी एस. वेंकटेश की है, एडिटिंग प्रदीप कर रहे हैं और आर्ट डायरेक्शन दुरईराज संभाल रहे हैं।

### मुरली कृष्णम राजू और श्रुति शेट्टी की रोमांटिक फिल्म स्काई का ट्रेलर रिलीज

आने वाली फिल्म स्काई में मुरली कृष्णम राजू, श्रुति शेट्टी और आनंद लीड रोल में हैं। यह फिल्म वैलोर एंटरटेनमेंट स्टूडियोज़ के बैनर तले नागिरेड्डी गुंटाका, श्रीलक्ष्मी गुंटाका, मुरली कृष्णम राजू और पृथ्वी पेरिचेरला ने प्रोड्यूस की है। इस फिल्म को पृथ्वी पेरिचेरला ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म से एक नए म्यूज़िक डायरेक्टर, शिवा प्रसाद, को इंडस्ट्री में इंट्रोड्यूस किया जा रहा है। स्काई 6 फरवरी को ग्रैंड थिएट्रिकल रिलीज़ के लिए पूरी तरह तैयार है। स्काई का ट्रेलर आज रिलीज़ हुआ। इसकी शुरुआत दोस्तों के बीच बिताए गए मज़ेदार और खुशनुमा पलों से होती है। हीरो और हीरोइन के बीच दोस्ती के प्यार में बदलने का सफ़र बहुत खूबसूरती से दिखाया गया है, जिसमें भावनाएं नेचुरल और दिल को छू लेने वाली लगती हैं। ट्रेलर से साफ पता चलता है कि हीरोइन का किरदार मज़बूती और गहराई के साथ डिज़ाइन किया गया है।



## अनिल कपूर ने मिलाया जूनियर एनटीआर से हाथ

बॉलीवुड में अनिल कपूर और साउथ में जूनियर एनटीआर का जलवा किसी से छिपा नहीं है। दोनों सितारे साथ में फिल्म करने वाले हैं, इस खबर ने अभी से लोगों की खुशी सांतवें आसमान पर पहुंचा दी है। वैसे यह पहला मौका नहीं है जब अनिल और एनटीआर एक फिल्म में नजर आएंगे। दोनों को वॉर 2 में देखा गया था। बड़ी खबर है कि एनटीआर की बहुप्रतीक्षित पैन इंडिया फिल्म ड्रैगन में, अनिल शामिल हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ड्रैगन की शूटिंग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रही है जिसमें अफ्रीका और अन्य विदेशी शहर शामिल हैं। अनिल के फिल्म से जुड़ने और शुरुआती कास्टिंग से पता चला है कि अन्य भारतीय कलाकार भी इस परियोजना का हिस्सा बन सकते हैं। हालांकि, निर्माता अभी भी स्क्रिप्ट को आखिरी प्रारूप देने में लगे हैं। निर्देशन की जिम्मेदारी प्रशांत नील ने संभाली है जो पूर्व में, सालार और केजीएफ फ्रैंचाइजी बनाकर दिल जीत चुके हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि ड्रैगन में अनिल को खलनायक या सहायक किरदार के रूप में देखा जा सकता है। फिलहाल तो उनकी और एनटीआर की फिल्म में एक साथ उपस्थित ने लोगों की उम्मीदों को बढ़ा दिया है। यह एक पैन इंडिया फिल्म होने वाली है जिसे कई भाषाओं के साथ दुनियाभर में रिलीज किया जाएगा। हालांकि निर्माताओं की तरफ से आधिकारिक रिलीज तारीख का ऐलान होना बाकी है।

### सू- दोकू क्र.306

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.305 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

### शब्द सामर्थ्य -306

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 305 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## महिलाओं से छेड़छाड़ पर सख्त संदेशः कोरिया पुलिस की अनूठी पहल

**कोरिया बैकुंठपुर।** महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कोरिया पुलिस ने एक बार फिर सख्त और स्पष्ट संदेश दिया है। जिले में बढ़ती जागरूकता के उद्देश्य से कोरिया पुलिस द्वारा जनहित में एक रचनात्मक पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें महिलाओं से छेड़छाड़ करने वालों को कड़े कानूनी परिणामों के प्रति आगाह किया गया है। इस पोस्टर के माध्यम से यह बताया गया है कि महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ करने वालों के लिए कानून में 'गिफ्ट' तैयार है। जारी पोस्टर में एक दृश्य के माध्यम से यह दर्शाया गया है कि कैसे एक युवक महिला को जबरन बाइक पर बैठने के लिए उकसाता है, वहीं दूसरे दृश्य में वही युवक पुलिस कार्रवाई का सामना करता नजर आता है। पोस्टर में स्पष्ट शब्दों में लिखा है कि महिलाओं से छेड़छाड़ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। इस अपराध में दोषी पाए जाने पर कड़ी सजा का प्रावधान है। कोरिया पुलिस का कहना है कि इस तरह की रचनात्मक पहल का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक कानून का संदेश पहुंचाना है, ताकि लोग अपराध करने से पहले उसके परिणामों को समझ सकें। खासतौर पर युवाओं को यह संदेश दिया गया है कि मनचलेपन की कोई जगह कानून में नहीं है और महिलाओं की गरिमा की रक्षा करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसके लिए नियमित पेट्रोलिंग, महिला हेल्प डेस्क, त्वरित कार्रवाई और जनजागरूकता अभियानों को लगातार मजबूत किया जा रहा है। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### 14 श्रम वीरों ने गवाई थी अपनी जान, 15 वर्ष बाद प्राइवेट कंपनी के हाथो संचालन की मिली जिम्मेदारी

# 2010 में अंजन हिल कोल खदान में दुर्घटना के बाद खनन पर रोक रोजगार नियोजन और कई कारणों से लोक सुनवाई का मिला रास्ता

**चिरमिरी।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल के चिरमिरी क्षेत्र अंतर्गत प्रस्तावित अंजन हिल ओपन कास्ट कोल माइन्स परियोजना के लिए पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना 2006 के तहत 05 फरवरी 2026 को लोक सुनवाई आयोजित की जाएगी। इस संबंध में एसईसीएल द्वारा जारी पत्र के अनुसार यह स्पष्ट किया गया है कि परियोजना के लिए किसी भी निजी भूमि स्वामी की भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित नहीं है। लोक सुनवाई का उद्देश्य अंजन हिल कोयला खनन परियोजना के पर्यावरणीय प्रभावों, संभावित लाभों तथा सुरक्षा उपायों की जानकारी आमजन को देना एवं जन-सुझाव आमंत्रित करना है। परियोजना के 0 से 5 किलोमीटर परिधि में भुभुकी, मुकुंदपुर, आमाडांड, कदरेवा, मेरो एवं दुबछोला की छह ग्राम पंचायतें स्थित हैं।

परियोजना का कुल क्षेत्रफल 388.261 हेक्टेयर है। इसमें खदान क्षेत्र के अंतर्गत 211.54 हेक्टेयर वन भूमि सम्मिलित है, जिसके लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। पहुंच मार्ग हेतु 8.721 हेक्टेयर वन भूमि प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त चिरमिरी ओसीएम की डी-कोल्ड भूमि पर ओबी डंप एवं अन्य परिचालन क्षेत्र के अंतर्गत 19.905 हेक्टेयर निजी भूमि, 10.45 हेक्टेयर शासकीय भूमि





तथा 137.645 हेक्टेयर वन भूमि शामिल है, जिसका कुल क्षेत्रफल 168 हेक्टेयर है और जिस पर भौतिक कब्जा पहले से उपलब्ध है। कुल मिलाकर परियोजना में 19.905 हेक्टेयर निजी भूमि, 10.45 हेक्टेयर शासकीय भूमि एवं 357.906 हेक्टेयर वन भूमि सम्मिलित है और किसी भी प्रकार का अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण प्रस्तावित नहीं है। परियोजना के लिए कोई पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन गतिविधि प्रस्तावित नहीं की गई है। वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत आयोजित ग्राम सभाओं के अनुसार परियोजना क्षेत्र में न तो कोई पट्टा जारी हुआ है और न ही किसी प्रकार का अतिक्रमण पाया गया है। परियोजना से किसी नाले, सड़क या अन्य सार्वजनिक अवसंरचना का व्यपवर्तन नहीं होगा। खदान के लिए समर्पित सड़क विकसित की जा रही है जिससे ग्राम एवं सार्वजनिक सड़कों पर अतिरिक्त यातायात भार नहीं पड़ेगा और मानव बस्तियों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं होगा । खनन कार्य शून्य तरल अपशिष्ट निर्वहन प्रणाली पर आधारित होगा जिससे जल प्रदूषण की संभावना नगण्य रहेगी। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए खदान के जीवनकाल में चरणबद्ध तरीके से 10 लाख से अधिक पौधों का रोपण, हरित पट्टी विकास, एवेन्यू प्लांटेशन एवं खदान समापन कार्य किए जाएंगे तथा खदान बंद होने के पश्चात पांच वर्षों तक उनका रखरखाव किया जाएगा। वन भूमि के विचलन के बदले 439.406 हेक्टेयर अवनत वन भूमि पर क्षतिपूरक वनीकरण प्रस्तावित किया गया है । परियोजना से लगभग 580 प्रत्यक्ष एवं करीब 2000 अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त सामुदायिक विकास कार्यों पर 399.37 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे तथा कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत आसपास के क्षेत्रों में सीएसआर गतिविधियां संचालित की जाएंगी। रॉयल्टी, डीएमएफ, एनएमईटी, जीएसटी एवं अन्य करों के माध्यम से शासन के राजस्व में वृद्धि होगी जिससे क्षेत्र में शिक्षा, सड़क, पेयजल एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार संभव होगा। एसईसीएल ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि अंजन हिल ओपन कास्ट कोल माइनिंग के माध्यम से खनन कार्य नहीं किया गया तो पूर्व में संचालित भूमिगत खदान में लगी आग के सतह तक पहुंचने की आशंका बनी रहेगी, जिससे वन क्षेत्र, पर्यावरण एवं राष्ट्रीय संपत्ति को गंभीर क्षति हो सकती है।

### चिरमिरी क्षेत्र में पर्यावरणीय संतुलन, रोजगार और विकास पर होगा संवाद निजी भूमि का नहीं होगा अधिग्रहण

## समय पर जांच, पहचान से कैंसर के उपचार में मिलेगी राहत:कलेक्टर

**कोरिया बैकुंठपुर।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में कैंसर की आशंका वाले मरीजों की जांच एवं स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान कैंसर की प्रारंभिक पहचान, रोकथाम एवं जागरूकता को लेकर विशेष गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने कहा कि समय पर जांच से कैंसर की पहचान संभव है तथा समय रहते उपचार कराने से इस गंभीर बीमारी से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे बढ़ती उम्र के साथ नियमित अंतराल पर स्वास्थ्य जांच अवश्य कराएं। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में नागरिकों को



स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, कैंसर के जोखिम कारकों से बचाव तथा इसके प्रारंभिक लक्षणों की जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित लोगों को कैंसर से बचाव हेतु शपथ भी दिलाई गई। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा दिया गया। सरईगहना, तेंदुआ, देवरी एवं घुघरा में ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में कैंसर के कारणों, जोखिम कारकों एवं लक्षणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल ने कहा कि कैंसर निश्चित रूप से एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर जांच एवं उपचार से मरीजों को राहत मिलती है। उन्होंने बताया कि धूम्रपान एवं तंबाकू के सेवन से कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है। साथ ही महिलाओं से अपील की कि वे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर नियमित जांच अवश्य कराएं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इन गतिविधियों का उद्देश्य आमजन को कैंसर के प्रति जागरूक कर समय पर जांच एवं उपचार को प्रोत्साहित करना रहा।

## संत शिरोमणि रविदास की 649 वीं जन्मजयंती गुरूपर्व के रूप में मनाई

**कोरिया बैकुंठपुर।** संत शिरोमणि रविदास के इन मानवता वादी विचारों को लेकर रविदास समाज जन -कल्याण सरगुजा संभाग एवं सर्व रविदास समाज (छ.ग.) के तत्वावधान में मोहित राम पैकरा जिला पंचायत अध्यक्ष कोरिया के मुख्य आतिथ्य एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में अम्बिका सिंहदेव पूर्व विधायक बैकुंठपुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में वंदना विजय राजवाड़े जिला पंचायत उपाध्यक्ष कोरिया, वेदान्ती तिवारी पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष कोरिया, गीता राजवाड़े जिला पंचायत सदस्य, संगीता सोनवानी जिला पंचायत सदस्य, गायत्री सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष पटना, धर्मवती राजवाड़े जनपद सदस्य बैकुंठपुर, शारदा गुप्ता, तीरथ राजवाड़े, बिहारी राजवाड़े, विकास श्रीवास्तव, भूपेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, शशिप्रकाश जायसवाल, राजेन्द्र पावले, संजय चिकनजूरी ,रुपेश सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष शिवप्रसाद रवि कि उपस्थिती में जयंती समारोह का शुभारंभ संत शिरोमणि रविदास जी , बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर एवं भगवान बुध की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया,तत्पश्चात भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामुहिक वाचन कराया गया। संत शिरोमणि रविदास की संभाग स्तरीय जयंती का उद्देश्य रविदास जी की अमृत वाणी का प्रचार प्रसार जन- जन तक पहुंचाना था जिसके तहत पहली बार रविदास समाज जन-कल्याण सरगुजा संभाग छत्तीसगढ़ द्वारा सर्व समाज को आमंत्रित कर सामाजिक असमानता, छुआछूत,अशिक्षा,नशापान एवं अन्य सामाजिक कुरीतियां पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया



कि हम सबको सभी भेदभाव मिटाकर एकता की स्थापना करनी होगी और भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करने व विकसित भारत के निर्माण में तन मन धन और योग्यता लगाना होगा तभी हमारी आने वाली पीढ़ियों का चौमुखी विकास हो पायेगा। संभागस्तरीय जयंती समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारीयों का सम्मान शाल और श्रीफल भेंट देकर किया गया,सांस्कृतिक कार्यक्रम के शानदार आयोजन रहा,कुछ साथियों को नये जिम्मेदारी के साथ पद भी दिया गया । सभी ने सर्व समाज द्वारा आयोजित संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती की सराहना की और भविष्य में संत महापुरुषों की जयंती सार्वजनिक रूप से मनाने की बात की क्योंकि कोई भी संत महापुरुष किसी एक जाति या समाज के लिए नहीं बल्कि पूरे मानव समाज के लिए आदरणीय है, अंततः संत महापुरुषों और शहीदों को जाति में बाटा ना जाये। कार्यक्रम में सरगुजा संभाग के सभी छः जिलो के ग्रामीण /ब्लॉक/ जिला/ संभाग व प्रदेश पदाधिकारियों के साथ हजारों की संख्या में उपस्थिति हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन समाज के लोगों के द्वारा किया गया ।

## राधा कृष्ण प्रेम मंदिर में दिव्य प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कलश यात्रा का आयोजन




**कोरिया बैकुंठपुर।** नगर एवं आसपास के क्षेत्र के समस्त सम्माननीय भक्तजनों के लिए यह अत्यंत हर्ष और आध्यात्मिक उल्लास का विषय है कि राधा कृष्ण प्रेम मंदिर में दिव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर मंदिर समिति एवं आयोजकों द्वारा आज भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने समस्त भक्तजनों, श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से विनम्र आग्रह किया है कि वे अपने सपरिवार, इष्ट मित्रों एवं परिचितों के साथ इस पावन कलश यात्रा में शामिल होकर पुण्य के भागी बनें। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में संपन्न होगी। कलश यात्रा के दौरान भक्तजन भक्ति गीतों, कीर्तन एवं जयकारों के साथ वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना देंगे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ होने वाली यह यात्रा धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक एकता एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक होगी। प्राण प्रतिष्ठा के इस दिव्य आयोजन से क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा और श्रद्धालुओं को प्रभु श्री राधा-कृष्ण की कृपा प्राप्त होगी। आयोजकों द्वारा यह भी निवेदन किया गया है कि सभी भक्तजन कलश यात्रा में सहभागिता के पश्चात मंदिर में आयोजित भोग प्रसाद अवश्य ग्रहण करें और तत्पश्चात ही प्रस्थान करें। प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे सभी श्रद्धालु शांतिपूर्वक एवं श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण कर सकें। मंदिर समिति ने कहा कि प्रभु की इच्छा से ही भक्तों की उपस्थिति संभव होती है, अतः सभी श्रद्धालुओं की उपस्थिति इस पावन अवसर पर प्रार्थनीय है। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज को आध्यात्मिकता और सद्भाव का संदेश भी देता है।

## झगराखाण्ड की समस्याओं को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष से हेमलता की सौजन्य भेंट

**एमसीबी।** नगर पंचायत झगराखाण्ड की मूलभूत समस्याओं को लेकर नेता प्रतिपक्ष हेमलता कोमल कुमार ने छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सौजन्य भेंट की। इस दौरान नगर पंचायत से जुड़े जनहित के विषयों, स्थानीय नागरिकों की समस्याओं एवं नगर के समग्र विकास से संबंधित मुद्दों पर गंभीर और सार्थक चर्चा हुई। हेमलता कोमल कुमार ने नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में चल रहे विकास कार्यों में हो रहे भेदभाव, आम जनता को हो रही असुविधाओं तथा संतुलित विकास की अनदेखी जैसे विषयों को प्रमुखता से पूर्व मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। भूपेश बघेल ने सभी बातों को गंभीरता से सुनते हुए उचित कार्यवाही एवं आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु हरसंभव समर्थन देने की बात कही। इसी क्रम में हेमलता कोमल कुमार ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत से उनके रायपुर स्थित निवास पर भी भेंट की। उन्होंने झगराखाण्ड नगर पंचायत में विकास कार्यों में हो रहे भेदभाव को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए एक लिखित शिकायत पत्र भी सौंपा। डॉ. चरणदास महंत ने विषय को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्यवाही एवं पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का किसान हित में बड़ा निर्णय

**सूरजपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अवधि में दो अतिरिक्त दिवस की वृद्धि करते हुए 5 एवं 06 फरवरी को पुनः धान खरीदी किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अवर सचिव भूपेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए संबंधित धान उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अवधि को किसानों के हित में 5 एवं 6 फरवरी तक बढ़ाया गया है। निर्देशों के तहत ऐसे किसान, जिन्होंने 10 जनवरी के पश्चात टोकन हेतु आवेदन किया था, किंतु जिनका सत्यापन नहीं हो सका, तथा वे किसान जिनके आवेदन का सत्यापन उपरांत धान पाया गया है, पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त 28, 29 एवं 30 जनवरी को टोकन प्राप्त कर चुके वे किसान, जो किसी कारणवश निर्धारित तिथि में धान विक्रय नहीं कर पाए थे, उनका धान भी इन दो अतिरिक्त दिनों में खरीदा जाएगा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 05 एवं 6 को जिले के समस्त धान खरीदी केन्द्रों में पात्र किसानों का धान सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से खरीदा जाना सुनिश्चित किया जाए।

## स्वरोजगार से रचा सफलता का इतिहास

**एमसीबी।** जिले के ग्राम पंचायत बहरासी की निवासी अल्पना सिंह आज ग्रामीण अंचल में महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की एक सशक्त पहचान बन चुकी हैं। उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन मजबूत इच्छाशक्ति, परिश्रम और स्व-सहायता समूह से मिले सहयोग ने उनके सपनों को साकार कर दिया।

अल्पना सिंह की यह कहानी न केवल एक महिला की सफलता की दास्तान है, बल्कि यह उन हजारों ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद आगे बढ़ने का साहस रखती हैं।

## सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा कार्यों का किया निरीक्षण

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह ने जनपद प्रतापपुर प्रवास के दौरान जिला सूरजपुर के जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चन्दौरा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत किए जा रहे नाला ट्रीटमेंट कार्यों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सचिव श्री सिंह ने गोतकत्वा नाला में निर्मित मिट्टी बांध का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सूरजपुर द्वारा जानकारी दी गई कि उक्त नाले में कुल 344 कार्य स्वीकृत एवं पूर्ण किए जा चुके हैं। ग्रामीणों ने जानकारी दी कि बांध के निर्माण से लगभग 50 हेक्टेयर क्षेत्र में खेती संभव हो सकी है, जिससे किसानों एवं ग्रामीणों को व्यापक लाभ मिला है तथा भू-जल स्तर में भी वृद्धि हुई है।ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वर्तमान में वे वर्ष में तीन फसलें ले रहे हैं, साथ ही सब्जी उत्पादन कर बाजार में विक्रय कर रहे हैं, जिससे उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अलावा बांध में महिला समूह द्वारा मत्स्य पालन भी किया जा रहा है। बांध के ऊपरी छोर पर जनपद पंचायत के सहयोग से क्रेडा द्वारा किसानों को सोलर पंप उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे सिंचाई सुविधा सुदृढ़ हुई है।निरीक्षण के दौरान सचिव श्री सिंह ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) अंतर्गत गौरी महिला स्वयं सहायता समूह, ग्राम पंचायत सरहारी द्वारा कुटीर उद्योग के माध्यम से बनाए जा रहे कुरकुरे एवं पॉपकॉर्न का भी अवलोकन किया तथा लागत एवं आय की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि इस प्रकार की आजीविका गतिविधियों का विस्तार अन्य क्षेत्रों में भी किया जाए, ताकि ग्रामीणों को स्थायी रोजगार एवं आय के अवसर प्राप्त हों। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीणों, महिलाओं, तथा ब्लॉक एवं जिला स्तर के अधिकारियों को भविष्य में और बेहतर कार्य करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया जाए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सूरजपुर श्री विजेंद्र सिंह पाटले, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा श्री कृष्ण मोहन पाठक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रतापपुर श्री अनिल तिवारी, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा श्री निर्मल श्याम सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रधानमंत्री आवास योजना श्री मनोहर पैकरा, बीपीएम एनआरएलएम श्रीमती अलका कुजूर सहित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## श्रद्धालुओं से भरी बस ट्रक से टकराई, एक की मौत

**सूरजपुर।** श्रद्धालुओं को लेकर बनारस जा रही एक यात्री बस सोमवार देर रात सड़क हादसे का शिकार हो गई। अंबिकापुर बनारस मार्ग पर गंगापुर के पास पीछे से आ रहे एक ट्रक ने बस को टक्कर मार दी, जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में लगभग 15 श्रद्धालु घायल हो गए, जबकि एक गंभीर रूप से घायल यात्री की अंबिकापुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा लटोरी पुलिस चौकी क्षेत्र में हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया गया। घायलों को तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया, जहां सभी का उपचार जारी है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, कुछ घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है, जबकि अन्य का उपचार निगरानी में किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बस रायगढ़ जिले के तमनार से श्रद्धालुओं को लेकर वाराणसी (बनारस) के लिए रवाना हुई थी।

## राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 10 से 25 तक सामूहिक दवा सेवन अभियान को सफल बनाने की बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.डी. पैकरा के मार्गदर्शन में फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत "सामूहिक दवा सेवन" के तहत जिला सूरजपुर के 03 विकासखण्ड सूरजपुर, रामानुजनगर तथा प्रेमनगर में 10 से 25 फरवरी 2026 तक फाइलेरिया की दवा खिलाया जायेगा। जिला सूरजपुर में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लिम्फेटिक फाइलेरियासिस (हाथीपांव) रोग के पूर्ण उन्मूलन के उद्देश्य से सामूहिक दवा सेवन अभियान 10 फरवरी 2026 से 25 फरवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान की सफलता एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टरएवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सूरजपुर के मार्गदर्शन में एक महत्वपूर्ण समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य अभियान के दौरान शत-प्रतिशत कवरेज एवं सुनिश्चित दवा सेवन सुनिश्चित करना था, ताकि जिले में फाइलेरिया संक्रमण की श्रृंखला को प्रभावी रूप से रोका जा सके। अभियान के दौरान (एकल खुराक) की फाइलेरिया रोधी दवाएं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर एवं बूथ स्तर पर निःशुल्क खिलाई जाएंगी। दवा का सेवन स्वास्थ्य कर्मी की प्रत्यक्ष निगरानी में ही कराया जाएगा। 02 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र व्यक्ति (गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर बीमार व्यक्तियों को छोड़कर) अभियान के लाभार्थी होंगे।विशेष रूप से 10-12 फरवरी को बूथ डे के रूप में अधिक से अधिक लोगों को बूथ पर आकर दवा सेवन कराने पर जोर दिया जाएगा, उसके पश्चात घर-घर सर्वेक्षण एवं छूटे हुए लाभार्थियों को कवर किया जाएगा। अभियान की सफलता के लिए आशा कार्यकर्ताओं, एएनम स्वयंसेवकों एवं स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। दवा, प्रशिक्षण एवं अन्य संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर एस. जयवर्धन ने कहा है कि फाइलेरिया एक रोकथाम योग्य रोग है। यदि हम सभी मिलकर इस अभियान में पूर्ण सहयोग करें और अधिक से अधिक लोग दवा का सेवन करें, तो सूरजपुर जिला शीघ्र ही फाइलेरिया मुक्त हो सकता है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे स्वास्थ्य कर्मियों का पूर्ण सहयोग करें तथा निर्धारित अवधि में दवा अवश्य लें। सीएमएचओ ने बताया कि यह अभियान भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं एनसीवीबीडीसी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप चलाया जा रहा है। जिले में लक्षित आबादी के 90 प्रतिशत से अधिक कवरेज का लक्ष्य रखा गया है, क्योंकि लगातार कुछ वर्षों तक उच्च कवरेज से ही रोग का उन्मूलन संभव है।

जनता से अपील-सूरजपुर जिले के सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे 10 फरवरी से 25 फरवरी 2026 के बीच अपने क्षेत्र में आने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से दवा अवश्य लें और उनकी देखरेख में दवा का सेवन करें। यह आपके परिवार एवं समाज की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, आशा कार्यकर्ता या सीएमएचओ कार्यालय से संपर्क कर सकतें हैं।

### जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ पर जीरो टॉलरेंस

**एमसीबी।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान धान खरीदी व्यवस्था की सघन निगरानी करते हुए जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सीमा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घुघरी, तहसील भरतपुर में 16 दिसंबर 2025 को संदेह के आधार पर 32 टन चावल से भरे वाहन क्रमांक CG 10 BM 2906 को खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जप्त किया गया। पूछताछ में वाहन चालक ने बताया कि उक्त चावल गोयल एग्रो राइस मिल, केंवटी (केल्हारी) द्वारा बिहार से मंगवाया गया था। सूचना के बाद राइस मिल की जांच हेतु संचालक को बुलाया गया, किंतु समय पर उपस्थित नहीं होने के कारण उसी दिन मिल को सील बंद कर दिया गया। 22 दिसंबर 2025 को सील खोलकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भरतपुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व केल्हारी एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने राइस मिल का भौतिक सत्यापन किया। जांच में मिल में 774.04 क्विंटल चावल की भारी कमी पाई गई। साथ ही आवश्यक बी-1 पंजी का संधारण नहीं, मासिक विवरणी का अभाव तथा मिलिंग के अनुरूप विद्युत खपत में असामान्य कमी सामने आई, जिससे मिल के लंबे समय से बंद रहने की पुष्टि हुई। मिल परिसर में अत्यधिक गंदगी पाई गई। चावल सड़ी अवस्था में मिले तथा भंडारण स्थल पर चूहे व कबूतरों की गंदगी मौजूद थी।

## एकता ब्यूटी पार्लर की निधि ने मेकअप, स्किन व हेयर केयर से छात्राओं को दिया आत्मनिर्भरता का मंत्र

**मनेन्द्रगढ़।** वी क्लब समर्पण मनेन्द्रगढ़ की ओर से 2 फरवरी, सोमवार को नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में स्वावलंबनारी सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास एवं स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एकता ब्यूटी पार्लर की संचालिका निधि अग्रवाल रहीं, जिन्होंने लाइव डेमो के माध्यम से मेकअप, स्किन केयर और हेयर केयर से जुड़ी व्यावहारिक एवं रोजगारपरक जानकारियाँ साझा कीं। उन्होंने छात्राओं को बताया कि सौंदर्य केवल बाहरी दिखावे तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वच्छता, आत्मविश्वास और करियर के अवसरों से भी गहराई से जुड़ा हुआ क्षेत्र है। निधि अग्रवाल ने मेकअप के सही तरीकों, त्वचा की देखभाल, बालों से जुड़ी आम समस्याओं और उनके समाधान को सरल भाषा में समझाया।

## राम कथा आज से निकली कलश यात्रा

**कोरबा।** सीतामढ़ी स्थित रामजानकी परिसर में आज से 7 दिवसीय राम कथा हो रही है। सुबह महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। क्षेत्र के नागरिक इसमें शामिल हुए। बताया गया कि वृन्दावन के पुनित कृष्ण शास्त्री राम कथा का वाचन करेंगे। शाम 4 बजे से कथा प्रारंभ होगी। विभिन्न प्रसंगों पर आकर्षक झांकियों की व्यवस्था भी की गई है। कथा के 7 दिन अलग-अलग यजमान होंगे। उन्होंने आयोजन को सहयोग करने की बात कही है।

## कांग्रेस का गांव में चल रहा चौपाल

**कोरबा।** कटघोरा ग्रामीण कांग्रेस द्वारा आम लोगों को जागरूक करने के लिए जगह-जगह चौपाल लगाया जा रहा है। मनरेगा का काम परिवर्तन करने पर कल छूरी सहित कई स्थानों पर चौपाल लगाया जाएगा। इसके लिए कटघोरा ग्रामीण अध्यक्ष गोरेलाल यादव, जीवन यादव, लल्लू सिंह, नंद कुमार देवांगन, रामगोपाल कंवर के द्वारा तैयारी की जा रही है। जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज चौहान ने बताया कि पाली ब्लाक में भी कई स्थानों पर चौपाल लगाया गया। पिछले दिनों हरदीबाजार क्षेत्र में पूर्व विधायक पुरषोत्तम कंवर, ब्लाक अध्यक्ष कौशल श्रीवास, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रभातंवर, महामंत्री पुरेश्वरी दास द्वारा भी लगाए गए चौपाल में शामिल हुई।

## कोयला कामगारों का प्रदर्शन कल

**कोरबा।** सर्वकानून के खिलाफ कोल इंडिया में 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल होगा। इसके लिए सभी क्षेत्रों में तैयारी की जा रही है। कुसमुंडा में संयुक्त मोर्चा द्वारा कल प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए एक बैठक एसकेएमएस कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें अजीत सिंह, मुकेश साहू, सौजी जॉन, एनके सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। इधर एसईकेएमसी गोपाल नारायण सिंह व उपाध्यक्ष संदीप चौधरी ने बताया कि राष्ट्र व्यापाल हड़ताल को लेकर तीन स्थानों में कन्वेशन आयोजित किया जाएगा। यह कन्वेशन 8 फरवरी से शुरू हो रहा है। दीपका, बैकुंठपुर के अलावा सोहागपुर में कन्वेशन होगा।

## बिजली कर्मचारियों की मांगों पर होगी चर्चा

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी संघ की मांगों पर सहायक श्रमआयुक्त द्वारा त्रिपक्षी वार्ता आयोजित की गई। इस बैठक में कहा गया कि मंडल को बिजली कर्मचारियों की मांगों पर अलग से चर्चा करने की जरूरत है। पुराने पेंशन स्कीम को लागू करने की मांग काफी दिनों से की जा रही है। जबकि संविदा कर्मियों को नियमित करने की स्वीकृति मिल चुकी है। बिजली कर्मचारी संघ के राधेश्याम जायसवाल, नवरतन बरेठ, अमर राठौर, कमल यादव, अजय मिश्रा लगातार दबाव बना रहे हैं।

## बसपा की बैठक 7 को


**कोरबा।** बसपा के बाबूलाल टंडन ने बताया कि 7 फरवरी को बसपा के जिलास्तरीय बैठक आयोजित की गई है। जिसमें कार्यों की समीक्षा की जाएगी। इस बैठक में जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी के अलावा राघवेंद्र मनहर, गज्जू चौहान, महेन्द्र मिरी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल होंगे। रायपुर में पिछले दिनों जो बैठक हुई थी, उस मुद्दे पर चर्चा की जाएगी।

# फरमान की उपेक्षा कर बिना फ़िल्टर लगाए फिर शुरू कर दिया डामर प्लान्ट

### नींद में है कोरबा का पर्यावरण विभाग

**कोरबा।** जन स्वास्थ्य और पर्यावरण को ठेंगा दिखाते हुए डामर प्लांट का संचालन एक बार फिर से शुरू कर दिया गया है। कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों सहित आसपास के इलाके के लोग प्लांट से निकलने वाले धुआ से परेशान है। इन गतिविधियों पर नियंत्रण न होने से सिस्टम पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

कटघोरा में जर्जर जेन्जरा बाईपास का निर्माण कराना तय किया गया। इसके लिए प्रशासन की ओर से वर्क आर्डर जारी किया गया । इस कड़ी में ठेकेदार ने लखनपुर सुधर्रा के पास डामर प्लांट स्थापित किया है। नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए इस काम को किया जा रहा है। सरकारी कृषि कॉलेज के नजदीक चल रहे प्लांट में कॉन्ट्रेक्टर ने पर्यावरण मानकों को ध्यान में रखना बिल्कुल जरूरी नही समझा। पिछले दिनों लीगों ने इस तरह की गतिविधियों पर आपत्ति दर्ज कराई थी। कहां गया था कि यहां से निकलने वाले धुआ के कारण कृषि कॉलेज के विद्यार्थियों सहित आसपास के लोगों के स्वास्थ्य और क्षेत्र की कृषि संपदा पर




विपरीत असर पड़ रहा है। खबरों पर संज्ञान लेने के साथ प्रशासन ने प्लांट को बंद करा दिया। उसके संचालक को कहा गया था कि फिल्टर की व्यवस्था कराई जाए तब प्लांट का संचालन संभव हो सकेगा। हैरानी की बात यह है कि ठेकेदार ने प्लांट में फिल्टर लगाने की व्यवस्था नहीं की ताकि धुआ का फैलाव कम से कम हो और समस्या को नियंत्रित किया जा सके। वर्तमान में पुरानी व्यवस्था के तहत प्लांट शुरू कर दिया गया है जिससे समस्याएं फिर खड़ी हो गई। बायपास निर्माण में लगने वाले मटेरियल में डामर की अपनी भूमिका है। प्रतिदिन बड़ी मात्रा यहां से तैयार की जा रही है। यह आसपास के पर्यावरण को मुश्किल में डाल रही है। अगर अधिकारियों के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं हुआ है तो कम से कम इस तरह की दुव्यवस्थाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक प्रयास करने की दिशा में ध्यान दिया जाना चाहिए।

### डॉक्टरों ने चेताया- फेफड़ों पर पड़ सकता है असर

सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य के दौरान उपयोग किए जाने वाले डामर (कोलतार) से निकलने वाला धुआं लोगों की सेहत के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। डामर से उठने वाले जहरीले धुएं के संपर्क में आने से सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है।स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार डामर के धुएं से आंख, नाक और गले में जलन, खांसी, सिरदर्द और चक्कर जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। लंबे समय तक इसके संपर्क में रहने से फेफड़ों पर स्थायी असर पड़ सकता है, वहीं कुछ मामलों में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की आशंका भी जताई गई है। डामर के धुएं का असर बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं पर अधिक देखा जा रहा है। अस्थमा और सांस की बीमारी से पीड़ित लोगों की परेशानी इसमें और बढ़ जाती है।

## निगम के स्वच्छता अभियान पर पलीता लगा रहे ठेका-गुमटी संचालक

### महानदी काम्प्लेक्स के कारोबारी परेशान

**कोरबा।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र महानदी कॉम्प्लेक्स में दुकानों के सामने ठेले लगाए जाने को लेकर व्यवसायियों, ग्राहकों एवं आम नागरिकों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय व्यवसायियों का कहना है कि ठेलों की वजह से दुकानों में ग्राहकों का प्रवेश बाधित हो रहा है, वहीं सड़क पर वाहन खड़े करने की मजबूरी भी बन रही है।

व्यवसायियों के अनुसार, दुकानों के सामने अनियंत्रित रूप से खड़े ठेले न केवल यातायात व्यवस्था प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि आसपास गंदगी और दुर्गंध की समस्या भी पैदा हो रही है। उनका आरोप है कि कई ठेला संचालक ग्राहकों और दुकानदारों से अभद्र व्यवहार करते हैं। कुछ मामलों में निर्धारित स्थान पर खड़े वाहनों को नुकसान पहुंचाने और स्क्रैच करने की शिकायतें भी सामने आई हैं। व्यवसायियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर नगर निगम प्रशासन, पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को कई बार लिखित शिकायत दी जा चुकी है। हालांकि, शिकायत के बाद कभी-कभार एक दिन के लिए ठेलों को हटाया जाता है, लेकिन अगले ही दिन वे पुनः उसी स्थान पर लग जाते हैं।

व्यवसायियों ने यह भी सवाल उठाया कि जब नगर निगम द्वारा ठेला संचालकों के लिए चौपाटी क्षेत्र में अलग से स्थान निर्धारित किया गया है, तो वहां ठेले क्यों नहीं लगवाए जा रहे। उनका आरोप है कि सफाई रैंकिंग सुधारने की बात तो की जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं होती। इस पूरे मामले में ठेला संचालकों की ओर से यह कहे जाने की बात सामने आई है कि उनके पास निगम की अनुमति है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। फिलहाल, व्यवसायियों ने प्रशासन से मांग की है कि समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि व्यापार, यातायात और स्वच्छता व्यवस्था सुचारु रूप से चल सके।

## छात्राओं को साइकिल वितरित



**कोरबा।** कटघोरा स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कटघोरा के लोकप्रिय विधायक प्रेमचंद पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह रंधावा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर पात्र छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई, जिससे उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी और पढ़ाई के प्रति उनका उत्साह बढ़ेगा। विधायक प्रेमचंद पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी बेटी संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। साइकिल योजना बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक सशक्त कदम है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह रंधावा ने कहा कि बेटियों की शिक्षा ही सशक्त समाज की नींव है और भाजपा सरकार इस दिशा में लगातार काम कर रही है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधि एवं छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। पूरे आयोजन में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल बना रहा।

## माधव संस्कार समिति ने दिखाए सामाजिक सरोकार

### स्वास्थ्य शिविर में शताधिक लोग हुए लाभान्वित



**कोरबा।** नगर के शारदा विहार में माधव संस्कार समिति के द्वारा सामाजिक सरोकार का प्रदर्शन करते हुए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। सिविल में काफी संख्या में लोग लाभर्वित हुए।

शिविर का उदेश्य लोगों को रक्तचाप और मधुमेह के खतरों से अवगत कराना था। डॉ स्वप्न विश्वास व डॉ एस सिंह ने लोगों का परीक्षण करने के साथ आवश्यक दवाई निशुल्क रूप से दी गई। अन्य बीमारियों के संबंध में भी लोगों को उचित स्वास्थ्य परामर्श दिया गया । लोगों को आहार विहार और जीवन शैली को बेहतर करने के बारे में भी सलाह दी गई। माधव संस्कार समिति ने सेवा गतिविधियों के अंतर्गत इस कार्यक्रम का आयोजन किया। शारदा विहार में आयोजित शिविर के माध्यम से 125 लोगो को लाभान्वित किया गया। इस तरह के कार्यक्रम और भी क्षेत्र में करने की योजना है। शिविर में क्षेत्र के पार्षद सुषमा राम शंकर साहू सहित प्रकाश सिंह, रत्नेश शुक्ला, विवेक साहू, विकास साहू, अमृत लाल बत्रा, सुखीराम यादव, दीपक मुखर्जी, नरेश पटेल, अनूप मंडल, नरेश पांडेय, दीपक सन्नी राजपूत, कृष्णा प्रसाद सोनी, अनिल शर्मा, राजकुमार सेठ व गणमान्य लोगों का सहयोग रहा।

## आशीष को दर्री और तिवारी को पाली थाना का बनाया प्रभारी

**कोरबा।** आवश्यक कारणों से पुलिस विभाग में कुछ परिवर्तन किए गए हैं। एसपी ने एक आदेश जारी कर कुछ निरीक्षकों की नई पदस्थापना की है। कुछ सब इंस्पेक्टर, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर और निचले कर्मियों के मामले में भी बदलाव किया गया है।




निरीक्षक आशीष कुमार सिंह को करतला से दर्री, नागेश तिवारी को दर्री से पाली का प्रभारी बनाया गया है। पाली थाना प्रभारी जितेंद्र यादव को अब करतला की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं पसान थाना के प्रभारी श्रवण विश्वकर्मा को रक्षित केंद्र पदस्थ किया गया है। सब इंस्पेक्टर सुमन लाल पोया को सिविल लाइन से लेमरू थाना भेजा गया है। सब इंस्पेक्टर पुरुषोत्तम उइके को पाली से सिविल लाइन रामपुर पदस्थ किया गया है। इसके अलावा और भी असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर और हेड कांस्टेबल को भी नई पदस्थापना दी गई है। इन सभी को कहा गया है कि जल्द ही नवीन पदस्थापना पर ज्वाइन करने के साथ सूचित किया जाए। जिले में लगातार थानों के प्रभारियों को बदलने का काम चल रहा है। कई थाना प्रभारियों ने इस सोच के साथ काम करने की मानसिकता बनाई है कि बोरिया-बिस्तर हमेशा तैयार रखा जाए ताकि समस्याएं कम हो।

## नए बस स्टैंड में व्यवस्था सुधारने की कोशिश



**कोरबा।** कोरबा के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बस स्टैंड में यात्री बस के व्यवस्थित संचालन को लेकर ट्रैफिक पुलिस फार्म में आई है। पुलिस ने अब नियमित रूप से इस इलाके में पेट्रोलिंग करने की योजना पर काम शुरू किया। लाउड स्पीकर के साथ पुलिस यहां की व्यवस्था की बेहतरी को लेकर प्रयत्नशील है। ट्रैफिक एएसआई मनोज राठौर और टीम ने आज से इस दिशा में कोशिश शुरू की। इसके अंतर्गत बेतरतीब तरीके से कहीं भी बसों को लगाने और आवागमन को बाधित होने से बचाने के लिए काम किया गया। पुलिस ने संबंधितों को सचेत किया कि मनमानी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर किसी को नियम पालन करना होगा। याद रहे पुलिस के पास लगातार इस तरह की शिकायत पहुंच रही है कि मौके पर यात्री बसों की टाईमिंग के साथ दूसरी चीजें अव्यवस्थित हैं। जिसके कारण समस्याएं पेश आती हैं। आम लोग भी ऐसे में मुश्किल में पड़ जाते हैं। परिवहन विभाग और नगर निगम को भी इस बारे में अवगत कराया गया है।

## एके गुरुकुल के रजत जयंती में छात्र सम्मानित

### लक्ष्मीबाई विद्यालय के रजत जयंती में अतिथियों ने दिया नया दृष्टिकोण

**कोरबा।** एके गुरुकुल कॉलेज एवं रानी लक्ष्मी बाई उच्चतर माध्यम विद्यालय ढेलवाडीह में रजत जयंती समारोह एवं ग्रैंड रीयूनियन -2026 आयोजित किया गया। केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि, डॉ तरुण धर दीवान कुलसचिव शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय, डीईओ टीपी उपाध्याय, वरिष्ठ पार्षद नरेंद्र देवांगन व अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर एवं ट्रेनर डॉ. संतोष पांडेय विशिष्ट अतिथि थे। अध्यक्षता अक्षय कुमार दुबे जिला अध्यक्ष एवं डायरेक्टर ने की।

लखन लाल देवांगन ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की सबसे मजबूत नींव है और एके गुरुकुल कॉलेज व रानी लक्ष्मी बाई विद्यालय जैसे संस्थान ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर नई दिशा दे रहे हैं। मुख्य वक्ता रहे डॉ. संतोष पांडेय ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सकारात्मक





सोच के महत्व पर प्रेरणादायक विचारों से मार्गदर्शन दिया। सभी अतिथियों ने संस्था के शैक्षणिक योगदान एवं उपलब्धियों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान बैच-वाइज रीयूनियन, पूर्व छात्रों का समूह छायाचित्र, पुरानी यादों का वीडियो प्रदर्शन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं फन अवॉर्ड्स आयोजन किए गए। यहां पर खेलकूद के क्षेत्र में राष्ट्रीय, राज्य एवं जोन स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, साथ ही विद्यालय के टॉपर छात्रों को सम्मानित किया गया। ढेलवाडीह की सक्रिय महिला समूहों को समाज में उनके योगदान के लिए मंच से सम्मानित किया गया। पूर्व छात्र भी यहां सम्मानित हुए। संस्था के संचालक अक्षय दुबे ने बताया कि पठन-पाठन के अंदाज, पाठ्यत्तर गतिविधि के कारण हमने गुणवत्ता संतुलित की है। अब तक की सफलता के पीछे यही आधार रहा है। रजत जयंती समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### लावण्या को दिल्ली में मिला सम्मान



हिंदी विकास संस्थान दिल्ली ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल कुसमुंडा की छात्रा लावण्या प्रधान को स्वर्ण पदक, राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान और नगद राशि से पुरस्कृत किया। यह सम्मान लावण्या को उसकी प्रतिभा के लिए दिया गया। लावण्या को सम्मान मिलने पर शिक्षकों और परिजनों ने बधाई दिए










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com